तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 1 सितंबर 2024

## एसएसपी दफ्तर को सागौन बंगले में शिफ्ट करने की योजना, मंजूरी मिलनी बाकी

# शिफ्टिंग के लिए मिल नहीं रहे भवन, इसलिए अटके नए प्रोजेक्ट, किराए के भवन में संचालित कुछ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर में कई बड़े नए प्रोजेक्ट शिफ्टिंग के नाम से पिछले कई महीनों से अटके हुए हैं। इनमें कलेक्टोरेट की कम्पोजिट बिल्डिंग से लेकर तहसील कार्यालय की पांच मंजिला बिल्डिंग भी शामिल है। इसके साथ कुछ विभाग के दफ्तर किराए के भवन में संचालित हैं। इन भवन को शासकीय भवन में शिफ्ट किया जाना है, लेकिन खाली भवन नहीं मिलने के कारण उनकी शिफ्टिंग भी अटकी हुई है।

नवा रायपुर लगातार डेवलप हो रहा है। मंत्रालय के बाद मुख्यमंत्री, मंत्रियों, अधिकारियों के बंगले बनाने से लेकर विभिन्न विभागों के दफ्तरों के लिए भवन भी बनाए गए हैं। इन भवनों में पुलिस ▶▶ शेष पेज 9 पर

### तहसील दफ्तर जा सकता है पुराना जिला चिकित्सालय, कामकाज शुरू होगा

#### श्रम विभाग के दफ्तर की शिफ्टिंग करने नहीं मिल रहा भवन

जिला श्रम विभाग का दफ्तर किराए के भवन में संचालित है। यह भवन पुराना पुलिस मुख्यालय के पास सिविल लाईन्स के पास है। सूत्रों के अनुसार इस भवन के मालिक द्वारा भवन को खाली करने के लिए कहा गया है, लेकिन भवन नहीं मिलने के कारण इसकी शिफ्टिंग भी नहीं हो पा रही है।




#### मंजूरी मिलना बाकी

एसएसपी दफ्तर को शिफ्ट करने के लिए सागौन बंगला को चिन्हांकित किया है। इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिस पर मंजूरी मिलना बाकी है।
- संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर

#### चिन्हांकित किए हैं

तहसील की शिफ्टिंग के लिए तहसील के पीछे पुराना जिला चिकित्सालय भवन को चिन्हांकित किया गया है।
- पवन कोसमा
तहसीलदार रायपुर

#### शिफ्टिंग के लिए जगह चिन्हांकित होने के बाद भी मंजूरी नहीं

कलेक्टोरेट परिसर में पांच मंजिला हाइटेक कम्पोजिट बिल्डिंग एसएसपी भवन को तोड़कर बनाया जाना है। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए पूरी प्रक्रिया की जा चुकी है। बिल्डिंग निर्माण की राशि स्वीकृति से लेकर निर्माण एजेंसी को टेंडर तक दिया जा चुका है। इंतजार है तो बस एसएसपी भवन को दूसरे जगह पर शिफ्ट किए जाने का। एसएसपी भवन के खाली होते ही यहां कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर कटोरा तालाब स्थित सागौन बंगला को चिन्हांकित कर प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिस पर अब तक मुहर नहीं लग पाई है।

#### तहसील शिफ्टिंग के लिए जा चुका है प्रस्ताव

तहसील भवन को तोड़कर यहां 5 मंजिला हाईटेक बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। यह बिल्डिंग भी हाईटेक होगी। इस बिल्डिंग के लिए भी राशि स्वीकृति से लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इस भवन के भी खाली होने का इंतजार किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यालय को शिफ्टिंग करने के लिए तहसील भवन के पीछे खाली पड़े पुराना चिकित्सालय संचालनालय को चिन्हांकित किया गया है। इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिसे मंजूरी नहीं मिल पाई है।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार निलंबित

**रायपुर।** मानपुर तहसीलदार संध्या नामदेव को कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर राजस्व विभाग ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एक ट्रैक्टर चालक की पिटाई के मामले में तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन पर आरोप था कि बिना जांच पड़ताल व वाहन चालक का पक्ष सुने बिना ट्रैक्टर को थाने में खड़े करा दिया। मामले में उनका जवाब असंतोष जनक पाए जाने पर तहसीलदार के कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के विपरीत पाए जाने पर निलंबन आदेश जारी किया गया। निलंबन अवधि तक उन्हें कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में अटैच किया गया है।

### सीसीटीवी फूटेज से खुलासा दो आदतन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने दो आदतन चोर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया अनिता दुबे ने थाने में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार स्थित अपने घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी होने की



रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरे के फूटेज में दो संदिग्ध लोगों को देखा गया। पतासाजी करने पर पता चला कि दोनों आदतन चोर है। हाल ही में वे चोरी के मामले में जेल से रिहा हुए थे। पुलिस ने फूटेज के आधार पर जिशान खान निवासी मस्जिद के पास चौरसिया कॉलोनी एवं खिलेश उर्फ साहिल नागरची निवासी शाश्वत नगर बोरियाखुर्द को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूल लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल एवं वाहन समेत कुल एक लाख 70 रुपए जब्त किए हैं।

### 30 पौवा शराब जब्त धरा गया कोचिया

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की है। घटना 31 अगस्त की है। पुलिस ने गुरुमुख सिंह नगर आम रोड पर अवैध रूप से शराब बेचते हुए वंश उर्फ मोनू उईके निवासी गुरुमुख सिंह नगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 पौवा देशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 3300 रुपए है। पुलिस ने इस मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

### कबाड़ दुकान में दबिश 310 किलो लोहा जब्त

**रायपुर।** धरसींवा पुलिस ने अवैध रूप से कबाड़ की दुकान चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की है। ग्राम रैता में संतुराम शिवारे मूलतः धदियाकला थाना बेरला बेमेतरा का निवासी है, जो वर्तमान में धनेली विधानसभा मोड़ के पास रहता है। आरोपी गांव में अवैध रूप से कबाड़ की दुकान चला रहा था। उसके कब्जे से 8 एमएम सरिया वजन 242 किलोग्राम, एक नग लोहे का पाइप 28 किलोग्राम, लोहे का पट्टी 40 किलोग्राम सहित कुल 310 किलोग्राम लोहे की सामग्री जब्त की गई है। आरोपी द्वारा जब्त सामग्री का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

### रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार के लिए बनाए 30 कड़े नियम, लापरवाही पर अब सीधा जुर्माना का प्रावधान

# शराबी पार्किंग कर्मचारियों की अब 'नो एंट्री' दिन में दो बार ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लगातार

रेलवे स्टेशन में पार्किंग कर्मचारियों की अब दबंगई नहीं चलेगी। रेल प्रशासन ने नए सिरे से पार्किंग टेंडर के साथ ठेकेदार और पार्किंग कर्मचारियों के लिए कठोर नियम बना दिए हैं। यह नियम यात्रियों की शिकायत कम करने और पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बनाया गया है। पूर्व में पार्किंग कर्मचारियों की गुंडागर्दी व दुर्व्यवहार से लोग परेशान थे। रेलवे ने नए टेंडर में पार्किंग संचालन के लिए 30 बिंदु बनाया है, जिसके अनुसार अब अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति पार्किंग में कार्य नहीं करेंगे। नियम नंबर 25 के अनुसार ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अपने ड्यूटी समय के दौरान शराब का पता लगाने के लिए ड्यूटी से पहले और खत्म होने के दौरान रोजाना पहले ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट से गुजरना होगा। इसके अलावा अधिकृत रेलवे अधिकारी द्वारा ड्यूटी के दौरान किसी भी समय जांच कर सकते हैं। जांच में शराब पीना पाए जाने पर सीधे कार्रवाई होगी। रेलवे ने नियमों के साथ पार्किंग का संचालन करने को कहा है। पूर्व में लोगों की अधिक शिकायत यही थी कि पार्किंग कर्मचारी हर समय नशे में रहते हैं, इसलिए यह नियम बनाया गया है।

### स्टेशन में पार्किंग कर्मचारी द्वारा बेवजह लोगों से दुर्व्यवहार करने पर रेलवे वसूलेगा जुर्माना

#### कम्प्यूटरीकृत पार्किंग पर्चियां ही मान्य

रेलवे के नियम अनुसार पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर कम्प्यूटरीकृत पार्किंग पर्चियां जारी करना अनिवार्य है सभी प्रवेश और निकास द्वार जीपीएस घड़ियां लगी रहेगी।मशीनों की विफलता के मामले में, अनुमोदित मैनुअल पर्चियां जारी की जाएंगी। इसके लिए सीनियर डीसीएम से पूर्व अनुमति लेनी होगी। एक महीने का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज उपलब्ध होना चाहिए। पार्क किए गए सभी वाहनों के नुकसान, चोरी या आग के खिलाफ अनिवार्य बीमा का प्रावधान सुनिश्चित करना होगा। रेलवे के 30 नियमों में अगर किसी भी तरह की लापरवाही पार्किंग ठेकेदार द्वारा पाए जाने से सीधे जुर्माना व कार्रवाई की जाएगी।


रेलवे ने यश कंस्ट्रक्शन कंपनी को 4 करोड़ 99 लाख 55 हजार में दिया टेंडर

स्टेशन पर पार्किंग का ठेका बदला, 16 से नया सिस्टम, नो पार्किंग पर वाहनों में ताले नहीं लगेंगे

- विवाद के बाद रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार से हटाया नो पार्किंग का अधिकार
- हरिभूमि की पहल पर पार्किंग व्यवस्था सुधारने रेलवे ने नए सिरे से जारी किया टेंडर

■ लोगों की शिकायतों को कम करने रेलवे ने बताया नियमों का नया सिस्टम

#### ड्यूटी के दौरान नहीं बदले जाएंगे कर्मचारी

इस बार रेलवे ने पार्किंग कर्मचारियों को सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। अब कोई भी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति पार्किंग में कार्य नहीं करेगा। अनुबंध शुरू होने से 7 दिन पहले पुलिस सत्यापन के साथ पार्किंग स्टैंड पर कार्यरत कर्मचारियों की सूची सीनियर डीसीएम कार्यालय में जमा करनी होगी। नियोजित कर्मचारियों की अनुमोदित सूची से दैनिक रोस्टर तैयार किया जाएगा। ड्यूटी घंटों के दौरान कोई भी कर्मचारी नहीं बदला जाएगा। अनुमोदित सूची से कर्मचारियों के परिवर्तन के मामले में न्यूनतम 7 दिन पहले सीनियर डीसीएम कार्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी। स्टाफ में बदलाव के बारे में सीनियर डीसीएम कार्यालय द्वारा अनुमोदित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

#### टी-शर्ट, जूते और नेम प्लेट के साथ काम करेंगे कर्मचारी

रेलवे स्टेशन में अब पार्किंग व्यवस्था नियमों के साथ संचालन किया जाएगा। रेलवे यात्रियों को अच्छी सुविधा देना चाहता है। इसलिए पार्किंग कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तय किया गया है। सभी कर्मचारियों को निर्धारित टी-शर्ट व शर्ट पैंट के साथ काम करेंगे। नियम में जूता भी शामिल है। इसके अलावा रात में दिखने वाले जैकेट और नेम प्लेट के साथ काम करेंगे। लाइसेंसधारक को अनुबंध शुरू करने से पहले ड्रेस कोड के संबंध में सीनियर डीसीएम कार्यालय से मंजूरी लेनी होगी।

## छठ पूजा के लिए अभी से स्पेशल ट्रेन की घोषणा अतिरिक्त कोच लगेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सावन खत्म होने के साथ ही गणेश उत्सव का सीजन शुरू होने के लिए लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों की बुकिंग बढ़ गई है। खासकर बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, दिल्ली और हावड़ा रूट की अधिकतर ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में यात्रियों को ▶▶ शेष पेज 9 पर

■ गणेश उत्सव को लेकर टिकट बुकिंग कराने के लिए यात्रियों में मारामारी

#### मुंबई जाने टिकट बुकिंग अधिक

सात सितंबर से शुरू हो रहे गणेश उत्सव को ध्यान में रखकर बड़ी संख्या में लोग रायपुर से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा समेत उत्तर भारत की ओर जाने वाली समता, छत्तीसगढ़, सारनाथ, गीतांजली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में टिकट बुकिंग के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। यही कारण है कि इन रूटों पर चलने वाली ज्यादातर एक्सप्रेस ट्रेनों में अभी वेटिंग के हालात हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में थर्ड और फर्स्ट कोच में भी वेटिंग की स्थिति बनने में देर नहीं होगी।

#### स्पेशन ट्रेन की घोषणा

छठ पूजा के अवसर पर गोंदिया एवं पटना के मध्य रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो फेरे के लिए छठ पूजा स्पेशल गाड़ी 08897/ 08898 गोंदिया-पटना-गोंदिया के मध्य दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। यह गाड़ी गोंदिया से 08897 के साथ दिनांक 03 व 04 को तथा पटना से 08898 के साथ दिनांक 04 व 05 को चलेगी।

#### काम के कारण ट्रेनों के परिचालन पर पड़ेगा असर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के विलंब से आवाजाही और पटरियों के काम के कारण मार्च से जुलाई के बीच रेलवे प्रशासन चार सौ से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुका है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि गणेश उत्सव के दौरान ट्रेने रद्द नहीं करने का फैसला लिया गया है। हालांकि दपूमरे के अलावा दूसरे मंडल में पटरियों का काम जरूर चलेगा, इससे ट्रेनों के परिचालन पर असर जरूर पड़ेगा।

## नए बस स्टैंड में महिला से रेप, फार्म हाउस में युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



#### महिला से रेप के आरोप में बस ड्राइवर गिरफ्तार

■ पति से विवाद होने पर पिछले तीन दिनों से इंटर स्टेट बस स्टैंड में रह रही थी महिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के टिकरापारा तथा दुर्ग के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला से रेप तथा युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की घटना सामने आई है। महिला के साथ रेप के आरोप में पुलिस ने बस ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में जिस युवती की मौत हुई है, वह अपनी एक सहेली की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गई थी। युवती की सहेली ने परिजनों को मौत की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक महासमुंद, सरायपाली निवासी 50 वर्षीय महिला के साथ ▶▶ शेष पेज 9 पर

#### सहेली का जन्मदिन मनाने निकली थी

एक अन्य मामले में दलदल सिवनी निवासी युवती 29 अगस्त को अपनी सहेली की जन्म दिन पार्टी में अमलेश्वर स्थित वैली फार्म हाउस जाने के लिए निकली थी। शुक्रवार सुबह युवती की मां को कॉल कर उसकी सहेली ने युवती के सिर पर चोट लगने की वजह से गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी दी। युवती को रायपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक युवती की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी। युवती की मां ने अपनी बेटी की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत किन कारणों से हुई, इसकी पुष्टि हो पाएगी।

*एक लाख की अफीम को ट्रक ड्राइवरों के साथ अन्य को बेचता था 15 लाख रुपए में*

# 15 गुना मुनाफे के लालच में फंसा ड्राइवर बंगाल से लाकर बेच रहा था अफीम, अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने ट्रक चालक के कब्जे से 32 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की अफीम जब्त की*



सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने पंजाब के एक ट्रक ड्राइवर के कब्जे से 32 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की दो किलो अफीम जब्त की है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को अफीम बेचने की तलाश में ग्राहक ढूंढते गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया ट्रक ड्राइवर पश्चिम बंगाल से अफीम लाकर बेचता था। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस की कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक अफीम बेचने के आरोप में पंजाब, गुरुदासपुर निवासी कुलजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने कुलजिंदर को एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के नीचे पकड़ा। पुलिस के अनुसार कुलजिंदर पिछले छह महीने से रायपुर में अलग-अलग जगहों पर किराए में मकान लेकर रह रहा था। वर्तमान में कुलजिंदर श्याम नगर में किराए का मकान लेकर निवास का रहा था। पुलिस, कुलजिंदर के अफीम लाने के श्रोत के बारे में जानकारी जुटाकर अफीम सप्लाई करने वाले नेक्सेस के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। अफीम उत्पादकों से सीधा संपर्क पूछताछ में कुलजिंदर ने पुलिस को बताया है कि वो पश्चिम बंगाल के आसनसोल स्थित नियामतपुर से अफीम खरीद कर लाता था। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि नियामतपुर में किसान चोरी छिपे अफीम की खेती करते हैं, जिसे ड्रग सप्लायरों को मोटी कीमत पर बेचने का काम करते हैं। कुलजिंदर उन्हीं किसानों से संपर्क कर अफीम खरीदी करता था। ऐसे आया संपर्क में पुलिस के अनुसार कुलजिंदर ट्रक चलाने के दौरान पूर्व में अफीम का सेवन करता था। इसके लिए वह राजस्थान, उत्तरप्रदेश तथा पंजाब से अपने उपयोग के लिए अफीम खरीदता था।

पश्चिम बंगाल रूट में ट्रक चलाने के दौरान कुलजिंदर अफीम की खेती करने वाले किसानों के संपर्क में आया। वहां उसे अन्य जगहों की अपेक्षा कम दाम में अफीम मिलने लगी। इसके बाद कुलजिंदर किसानों से संपर्क बढ़ाने के साथ डायरेक्ट आर्डर देकर अफीम मंगाने लगा। ट्रक ड्राइवरों से लेकर आम लोगों तक पहुंचा पुलिस के अनुसार कुलजिंदर पूर्व में ट्रक ड्राइवरों को पांच तथा दस ग्राम की पुड़िया बनाकर अफीम बेचता था। ट्रक ड्राइवरों के माध्यम से अन्य लोग भी कुलजिंदर से अफीम लेने लगे। इस तरह से कुलजिंदर एक चैनल तैयार कर लोगों तक अफीम पहुंचाने का काम करने लगा। ड्राइवरी छोड़ अफीम बेचने लगा पुलिस के अनुसार कुलजिंदर एक लाख रुपए किलो की दर से अफीम खरीदता है, जिसकी वह पुड़िया बनाकर एक से डेढ़ हजार ▶▶ शेष पेज 9 पर

## ऑनलाइन खिलौना बेचने वाला निकला गूगल रिव्यू टास्क का जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

#### युवती को घर बैठे कमाई का झांसा देकर साढ़े 29 लाख की ठगी

■ देश के अलग-अलग राज्यों के पांच सौ से ज्यादा बैंक अकाउंट जब्त किए



विधानसभा थाना क्षेत्र में गृहणी को गूगल रिव्यू टास्क पूरा करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर साढ़े 29 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने गुजरात से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पांच सौ से ज्यादा यूपीआई आईडी, बैंक अकाउंट जब्त कर होल्ड कराया है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से हाउस वाइफ श्वेता मेहरा की शिकायत पर ठगी के आरोप में गुजरात, सूरत निवासी नरेंद्र हिम्मत भाई कुंडलिया को गिरफ्तार किया गया है। श्वेता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात जालसाज ने उससे टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया। ▶▶ शेष पेज 9 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल और साय से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने मांगा मिलने का समय

**रायपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने कहा, डीपीएस में 4 साल की बच्ची के साथ दुराचार के मामले के साथ राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। चोरी, लूट, हत्या जैसी घटनाओं को लेकर राज्यपाल रमेन डेका और सीएम साय को ज्ञापन सौंपेंगे।



### भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या, कांग्रेस समिति करेगी जांच

**रायपुर।** भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार पटेल की 2 दिन पहले रेलवे ट्रेक पर सिर कटी लाश मिली थी। आत्महत्या के मामले में सियासत हो शरू हो गई है। आरोप है कि पटेल के साथ कुछ दिनों पहले मारपीट हुई थी, इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दुःखी होकर पटेल ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद धरसींवा के थानेदार और हवलदार को लाइन अटैच किए जाने को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इस समिति का संयोजक खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया है। विधायक संदीप साहू और इंद्र साव के साथ राज्यसभा की पूर्व सदस्य छाया वर्मा और धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

### प्रीति को कांग्रेस ने बनाया डोडा का पर्यवेक्षक

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से महिला नेत्री प्रीति उपाध्याय शुक्ला को डोडा वेस्ट निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति किया है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने आदेश जारी कर उन्हें वहां की जिम्मेदारी संभालने कहा है। इसके पूर्व राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें झारखंड में सिमडेगा तथा गुमला की जिम्मेदारी दी थी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पुनः राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी गई है।



### आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका भर्ती, 10 तक आवेदन

**रायपुर।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव-2 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदक का उसी ग्राम का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से, 8 को समापन

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितंबर देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि इस साक्षरता सप्ताह के दौरान, पूरे देशभर में, जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची में होंगे एक दर्जन नाम

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक में बन चुकी है सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची कभी भी जारी हो सकती है। इधर मप्र में भी निगम, मंडलों और आयोग में नियुक्तियों को लेकर तैयारी चल रही है। मप्र के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा एक सूची लेकर दिल्ली गए हैं। संभावना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ की सूची आगे-पीछे या फिर एक साथ जारी हो सकती है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा का चुनाव आ गया, इसको लेकर आचार संहिता लग गई। ऐसे में सभी लोकसभा के चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। इसी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि दर्जनभर निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।



### सूची का इंतजार

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो दिनों का दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। जब श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली से लौटे थे तभी कहा जा रहा था कि सूची जल्द आ जाएगी, लेकिन इसके बाद फिर से सूची अटक गई। कुछ समय पहले तीन दर्जन प्रस्तावित नामों की एक सूची भी वायरल हो चुकी है। हालांकि इस सूची को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि यह सूची सही नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इसी तरह की प्रस्तावित सूची राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखी गई थी जिसमें से एक दर्जन नामों पर सहमति बन चुकी है। अब यह पहली सूची कब जारी होगी, इसका इंतजार सबको है। जानकारों का कहना है, पहली सूची में ज्यादातर नाम संवैधानिक पदों के होंगे, इसी के साथ कुछ अहम निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी।

## भाजपा का सदस्यता अभियान 6 सितंबर से बूथों से होगा प्रारंभ

# बूथ स्तर से बनेगी सभी सदस्यों की कुंडली प्रदेश संगठन के पास भी रहेगा अब पूरा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। हालांकि 6 सितंबर को बूथों से सामान्य लोगों को सदस्य बनाने का काम प्रारंभ होगा। इस बार जहां मिस काल से सदस्य बनेंगे, वहीं बूथ स्तर से ही सभी सदस्यों की पूरी कुंडली बनाकर रखी जाएगी। बूथों के बाद शक्ति केंद्र, मंडल, जिलों और फिर प्रदेश स्तर पर भी सभी सदस्यों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके पहले मिस कॉल करके सदस्य बना दिए जाते थे, लेकिन यहां पर रिकॉर्ड नहीं रहता था, लेकिन इस बार जिनको भी ऑनलाइन सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।



भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अपने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता रद्द करके नए सिरे से देशभर में सदस्यता अभियान सितंबर से चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ भी लगातार तैयारी चल रही है। मडंलों से लेकर जिलों और अब अंत मं संभाग स्तर की बैठक करके तैयारी पूरी कर ली गई है। सबकी जिम्मेदारी भी तय हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक वार रूम भी बना दिया गया है। प्रदेश संगठन ने 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। हर बूथ में 200 सदस्य बनाए जाएंगे। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ है। ऐसे में 50 लाख का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा।

### ऑफलाइन भी भरेंगे फार्म

सदस्यता के लिए एक मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसमें मिस कॉल करने पर सदस्य बन जाएंगे। मिस कॉल करने पर मिस कॉल करने वाले के मोबाइल में एक मैसेज आएगा। उसमें सदस्य बनने वाले को अपनी पूरी जानकारी देनी होगी। चूंकि प्रदेश संगठन ने तय किया है कि प्रदेश में भी सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना है, इसलिए तय किया गया है कि बूथों में जिनको भी सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। रायपुर जिले के संयोजक सत्यम दुआ ने बताया, रायपुर सहित प्रदेश में जहां भी सदस्य बनाएं जाएंगे, उनका ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन फार्म भी भरा जाएगा ताकि रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके लिए सभी बूथों के लिए फार्म दिए गए हैं। सबसे पहले बूथों में सदस्यों का फार्म देखकर एक रजिस्टर बनाया जाएगा जिसमें सदस्यों के नाम लिखे होंगे। बूथों में जितने भी सदस्य बनेंगे, उसका पूरा रिकॉर्ड शक्ति केंद्रों को भेजा जाएगा। शक्ति केंद्र अपने पास रिकॉर्ड रखने के साथ रिकॉर्ड की एक प्रति मंडलों को भेजेंगे। इसी तरह से मडंलों से रिकॉर्ड जिलों और जिलों से प्रदेश संगठन के पास जाएगा। ऐसे में हर स्तर पर सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।

### सभी संभागों में हुई कार्यशाला

सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को सभी पांच संभागों रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा में कार्यशाला की गई। इसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभियान के संदर्भ में प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

# महापौर ढेबर ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

## रायपुर के विकास के मुद्दों पर हुई विशेष चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के महापौर एजाज़ ढेबर ने नागपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके निज निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने रायपुर के विकास के मुद्दों पर चर्चा की।

नागपुर प्रवास के दौरान महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजधानी रायपुर में गौरवपथ रोड, तेलीबांधा से टाटीबंध रोड तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए उचित धन राशि प्रदान करने का आग्रह किया। श्री ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि फ्लाईओवर निर्माण से रायपुर की जनता को विशेष सुविधा होगी। यही नहीं, लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। खासकर भिलाई और महासमुंद की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए फ्लाईओवर बेहद कारगर सिद्ध होगा।

रायपुर के विकास एवं जन सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लाइट बुलेट ट्रेन के एमओयू के संबंध में भी चर्चा की। विदित हो, पिछले दिनों मास्को में हुए इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट मीट में मास्को के मेयर एवं ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर के साथ लाइट बुलेट ट्रेन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाने के मामले को लेकर विपक्ष ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप भी लगाए थे। इनका जवाब महापौर की ओर से दिया गया।

# कल सीएम निवास पर तीजा पोरा का कार्यक्रम, महतारी वंदन की किस्त जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महतारी वंदन योजना के तहत सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की माताओं और बहनों को तीजा की खुशियां देने जा रहे हैं। तीजा पर्व पर महतारी वंदन योजना की अगली किस्त उनके खाते में आएगी। तीजा पर माताओं बहनों को यह सौगात देने की पूरी तैयारी सरकार ने कर ली है। प्रदेश की करीब 70 लाख माताओं और बहनों को यह राशि जारी होगी।



सीएम विष्णुदेव साय दो सितंबर को सीएम निवास में आयोजित होने वाले तीजा पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर यह सौगात देंगे। सीएम महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की समस्त हितग्राही महिलाओं को इस योजना की अगली किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से ट्विट में पोस्ट कर महतारी वंदन योजना की नई किस्त देने को लेकर पुष्टि की गई है। सीएमओ छत्तीसगढ़ से किए गए पोस्ट में सीएम विष्णुदेव साय ने लिखा है कि माता-बहनों को फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन मिलेगा। 2 सितम्बर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होने वाले तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर 70 लाख से ज्यादा महतारी बहनों को उपहार स्वरूप महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करूंगा। यह राशि हमारी माता-बहनों के तीजा त्योहार की खुशी को दोगुना करेगी।

### सातवीं किस्त होगी जारी

सीएम दो सितंबर को महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ की 70 लाख माताओं बहनों को यह उपहार मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत राशि सीधे योजना के हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर होगी।

# टीम कैट ने प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया, भारतवर्ष में लोकपाल जैसी संस्था स्थापित किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रशासनिक सुधार आयोग ने अक्टूबर 1966 में प्रस्तुत किये गए अपने प्रतिवेदन में भारतीय नागरिकों के होने वाली समस्याओं का समाधान करने की कठिनाई के अंतर्गत प्रशासनिक भ्रष्टाचार, कुप्रशासन, अवचार के संबंध में कमी, प्रशासन के अपेक्षित मापदंडो में ईमानदारी और क्षमता की कमी के सम्बन्ध में जिक्र किया। तथ्यों के विश्लेषण के बाद भारतीय नागरिकों को इन समस्याओं के निदान के लिए उपलब्ध व्यवस्था और उसके स्थान पर नई व्यवस्था प्रस्तुत करने पर विचार किया गया। इसमें लोकायुक्त की नियुक्ति का प्रावधान किया गया।

श्री उबोवेजा से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन मगेलाल मालू, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,परमानंद जैन, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, प्रीतपाल सिंह बग्गा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# दक्षिण उपचुनाव की तैयारी शुरू, कांग्रेस के वार्ड प्रभारी बूथों को कर रहे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 19 वार्डों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाया गया है। वार्ड प्रभारी वार्डो में जाकर चुनाव के संबंध में बैठक लेकर बूथ के लोगों सक्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं।

सभी वार्डों में बूथ कमेटी का पुर्नगठन, मतदाता सूची के अनुसार सर्वे और हर बूथ में प्रभारी नियुक्त कर बूथ कमेटी बनाने एवं बूथ स्तर की बैठक की जा रही है। उपचुनाव को लेकर वार्डों में प्रभारियों की एक बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में ली। उन्होंने सभी प्रभारियों से वार्डों के बूथ कमेटियों के संबंध में जानकारी ली। दक्षिण विधानसभा की बूथ कमेटी जहां पर सक्रिय नहीं है, वहां पर नए प्रभारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जाता है कि उन चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड और वहां के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव के पहले पूरी तैयारी कर ली जाए। वहां पर चुनाव की घोषणा के पहले मतदाता सूची के आधार पर युवा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने के संबंध में कार्यक्रम करें।

### पीसीसी अध्यक्ष ने ली वार्ड प्रभारियों की बैठक




### वार्ड प्रभारी लगातार ले रहे बैठक

उप चुनाव की तैयारी को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रभारियों के द्वारा वार्डों की बैठक लेकर वहां के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से वार्ड में पार्टी की स्थिति की जानकारी लेकर उन्हें मजबूत करने के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के डॉ खूबचंद बघेल वार्ड कांग्रेस कमेटी में प्रभारी पूर्व सांसद छाया वर्मा ने भी बैठक ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से उपचुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी, वार्ड अध्यक्ष सुनील ध्रुव, प्रीति सोनी, मोहम्मद नियाज, तुषार पांडे, कविता वर्मा सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की निशर्त रिहाई की मांग

# भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर ने कहा- छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीम आर्मी चीफ और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए और राज्य में अनुसूचित जातियों के लिए 16 प्रतिशत कोटा बहाल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जातियों को 16 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, जिसे जाति जनगणना कराए बिना घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। राज्य सरकार को जाति जनगणना करानी चाहिए और जनसंख्या के आधार पर 16 प्रतिशत कोटा बहाल करना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद ने बलौदाबाजार हिंसा की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा, विजय स्तंभ को नुकसान पहुंचाने की घटना की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराई जानी चाहिए। बलौदाबाजार आगजनी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की बिना शर्त रिहाई की जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार पर ऐसे लोगों को साजिश के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया।



राजधानी रायपुर पहुंचने पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, मैं और हमारी पार्टी की छत्तीसगढ़ में यात्राएं होंगी। आज हमारी यात्रा का मुख्य चरण है। हम समाज को एकजुट करेंगे और सरकार के अत्याचारों को लेकर आंदोलन करेंगे। बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की रिहाई को लेकर रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने जनसभा का आयोजन किया। चंद्रशेखर आजाद ने कहा, आज जो लोग जेल में हैं, उन लोगों ने आपके हितों की रक्षा की है। जब वो बाहर आएंगे तो फूल से उनका स्वागत करेंगे।

### जेल से रिहा नहीं हुए तो छग में कदम नहीं रखूंगा

अगर अक्टूबर तक सतनामी समाज के लोगों को जेल से रिहा नहीं किया गया, तो मैं छत्तीसगढ़ में कदम नहीं रखूंगा। अगर हमें भूख हड़ताल करनी पड़ी, प्रदर्शन करना पड़ा, सड़कों पर उतरना पड़ा, तो हम सब कुछ करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो मैं छत्तीसगढ़ में कभी अपनी शक्ल नहीं दिखाऊंगा।

### अब आर-पार की लड़ाई

चंद्रशेखर ने कहा, मैं आपकी ताकत को जनता हूं। एक इशारा कर दूं, तो छत्तीसगढ़ बंद हो जाएगा, लेकिन मैं चाहता हूं आप लोग संवैधानिक रूप से चलें। मैं वादा करता हूं, जब तक जेल में बंद लोग छूटेंगे नहीं आंदोलन करेंगे। अब आर-पार की लड़ाई है। 1 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ भवन का घेराव करेंगे।

# एनएसयूआई ने बढ़ते अपराधों के विरोध में निकाली मशाल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीपीएस भिलाई में 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ और प्रदेश में लगातार हो रही अनाचार की घटनाओं के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मशाल यात्रा निकाली। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में गांधी मैदान कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा आज़ाद चौक तक मशाल यात्रा निकाली गई।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा, डीपीएस में 4 साल की अबोध बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की गंभीर घटना बेहद दुखद है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर कर जांच की जानी थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड के सामने बच्ची का परीक्षण क्यों नहीं करवाया? इस पूरे मामले में एसपी का बयान भी बेहद ही गैर जिमेदाराना तथा आरोपियों को बचाने वाला है।

# बारिश थमी, बिजली की खपत बढ़ी, फिर चलने लगे एसी, कूलर और कृषि पंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सावन के बाद झमाझम बारिश का क्रम थमते ही बिजली की खपत में इजाफा हो गया है। बारिश के कारण जो खपत कम होकर 35 सौ मेगावाट तक चली गई थी, वह अब पांच हजार के पार होकर 54 सौ मेगावाट हो गई है। यानी खपत में करीब दो हजार मेगावाट का इजाफा हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि बारिश न होने के कारण उमस की वजह से एसी और कूलर फिर से चलने लगे हैं। इसी के साथ प्रदेश में जहां बारिश कम हुई है, वहां पर कृषि पंप भी चल रहे हैं। इधर स्टील उद्योगों के आंदोलन में प्रदेश सरकार के आश्वासन के बाद अब ज्यादातर उद्योगों के खुलने से भी खपत बढ़ी है। इस समय छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी के दो संयंत्रों के खराब होने के कारण अपना उत्पादन भी कम हो रहा है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर पूर्ति की जा रही है।

■ खपत में दो हजार मेगावाट का इजाफा

सावन में बीते माह से लगातार बारिश होने के कारण मौसम ठंडा होने के कारण प्रदेश भर में एसी और कूलरों का चलना बंद तो नहीं हुआ था, लेकिन 90 फीसदी तक कूलर एसी नहीं चल रहे थे। इसकी वजह से खपत का ग्राफ गिर गया था। इसी के साथ कृषि पंप भी बहुत कम चल रहे थे। जुलाई के अंतिम सप्ताह से स्टील उद्योगों के आंदोलन के कारण उद्योगों के बंद होने के कारण भी खपत पर फर्क पड़ा था। ऐसे में बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट से घटकर 35 सौ मेगावाट पर आ गई थी।

## अब डिमांड पांच हजार मेगावाट के पार



### अपना उत्पादन 19 सौ मेगावाट

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट है, लेकिन इस समय उत्पादन महज 19 सौ मेगावाट हो रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप गृह में 250 मेगावाट की इकाई बंद है। इसी के साथ उत्पादन यूनिटों की जितनी क्षमता है, उत्पादन उससे कम हो रहा है। इसकी वजह से भी उत्पादन कम है। बिजली की खपत पांच हजार मेगावाट के पार जाने पर इसकी पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 33 सौ मेगावाट बिजली ले रहे हैं। सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट तक बिजली ले सकते हैं। बीते साल मानसून में बारिश न होने के कारण अगस्त में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी। इस बार अगस्त में खपत छह हजार मेगावाट तक नहीं गई है, लेकिन अगले माह खपत बढ़ सकती है, क्योंकि त्योहारी सीजन प्रारंभ हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### दुनिया का सबसे नेक कार्य रक्तदान : बरड़िया

रायपुर। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिलासा ब्लड सेंटर, लायंस व लियो क्लब रायपुर सेंट्रल तथा आर्टिस्टिक वाइब्स की ओर से लगाया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ पीडीजी एलएन तिलोक चंद बरड़िया ने कहा कि सबसे पवित्र स्थान पर दुनिया का सबसे नेक कार्य हो रहा, उसमें सहभागी बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आगे कहा कि दिव्यांग बच्चों को निशुल्क हॉस्टल और शिक्षा जिस स्थान पर मिल रही हो, उससे पवित्र जगह नहीं हो सकती। ऐसे पवित्र स्थल पर रक्तदान का नेक कार्य हो रहा हो तो यह सोने पर सुहागा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि रक्तदान करने से केवल एक व्यक्ति की ही जान नहीं बचती, बल्कि कई जानें बचती हैं और उनके परिवारों को खुशियां भी मिलती हैं। इस अवसर रानू लूनिया अध्यक्ष लायंस क्लब रायपुर सेंट्रल, लियो मासूम लूनिया अध्यक्षा लियो क्लब रायपुर सेंट्रल, लियो तृप्ति लूनिया, आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन, राउंड टेबल के प्रतीक बेरिवाल, अंशु अग्रवाल, विशाल दत्ता कृति संघई, अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, डायरेक्टर डॉ. राकेश पांडेय, दिनेश शुक्ला भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन को-आर्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया।

### बिट्स म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या आज

रायपुर। राजधानी की संगीत संस्था बिट्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रविवार को शाम 6 बजे से मायाराम सुरजन हॉल रजबंधा मैदान में पुराने सदाबहार गीतों की महफिल सजाई जाएगी। संस्था के डायरेक्टर महेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संगीत संध्या में अरश जग्गी, हीरानंद दुल्हानी, आदित्य ठाकुर, मनोज ठाकुर, प्रदीप साहू, संजय पारीक, गीता लक्ष्मी, मीनाक्षी केशरवानी, डॉ. कीर्ति गुप्ता द्वारा ऐसे पुराने सुमधुर नगमे पेश किए जाएंगे, जो बहुत कम सुने जाते हैं।

### भूमिपूजन कार्यक्रम आज

रायपुर। शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 7 करोड़ 34 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन कार्यक्रम 1 सितंबर को सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में पार्षद कार्यालय के पास आयोजित है। इस मौके पर रावतपुरा और काठाडीह बीएसयूपी कॉलोनी में मरम्मत कार्य, नाली निर्माण और जल प्रदाय व्यवस्था संबंधी कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

## शहर के 70 वार्डों की सफाई ठेके पर, निगरानी सिस्टम फेलवर

# कमीशनखोरी ने बिगाड़ा सफाई का सिस्टम वार्डों में तय संख्या से कम मिले कर्मचारी


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ठेके पर चल रही शहर के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था में कमीशनखोरी ने सफाई सिस्टम का बेड़ागर्क कर दिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्डों की सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण का हाल ये है कि निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने पर संबंधित ठेकेदार पर महज जुर्माना कर खानापूर्ति की जा रही है। हकीकत ये है कि 50 फीसदी वार्डों में तय संख्या से कम कर्मचारी रखकर ठेकेदार मनमर्जी से काम करा रहे हैं। इस पर अधिकारियों का कोई अंकुश नहीं है। इसका खामियाजा पूरे शहर को भुगतना पड़ रहा है।

■ कलस्टर सिस्टम फाइल तक सिमटा

दस जोन के 70 वार्ड में 3 हजार से ज्यादा प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी रखने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था अपेक्षा अनुरूप सुधर नहीं पाई। निर्धारित संख्या से कम संख्या में ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने से सफाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शहर के अंदरूनी इलाके से लेकर सार्वजनिक स्थल, बाजार क्षेत्र और गली-कूचों में इसका असर देखने को मिल रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने ठेके पर चल रही सफाई व्यवस्था में कसावट लाने वार्ड स्तर पर कलस्टर सिस्टम लाने का निर्णय लिया। इसके लिए गांधी सदन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व सभी जोन के कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें यह तय हुआ कि किस इलाके में कौन से सफाई कर्मचारी की डयूटी रहेगी, उसका नाम व मोबाइल नंबर आम जनता के बीच सार्वजनिक किये जाने सूची चस्पा की जायेगी। अनुबंधित ठेकेदार निर्धारित सफाई कर्मचारी को दूसरी जगह सफाई पर नहीं भेज सकेगा, पर आज तक शहर में वार्ड स्तर पर सफाई की कलस्टर व्यवस्था लागू नहीं हो पाई।

## जुर्माना महज खानापूर्ति



फाइल फोटो

### वार्ड और मोहल्ले में कितने सफाई कर्मचारी जनता से छिपा रहे

जोन स्तर पर सफाई ठेका के इस खेल में शहर की जनता को नगर निगम प्रशासन ये भी नहीं बता पा रहा कि किस वार्ड में कितने सफाई कर्मचारी ठेके पर हैं, कौन से इलाके में किसकी डयूटी है, इनकी उपस्थिति का सिस्टम क्या है? यही वजह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आने वाली टीम को प्रापर फीडबैक नहीं मिल पाता। इसका असर शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर भी पड़ता है।

### कम कर्मचारी मिलने पर ठेकेदार को 10-10 हजार जुर्माना

जोन 9 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में सफाई ठेकेदार मेसर्स सांईराम इंटरप्राइजेस को निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी उपलब्ध कराने पर एक दिन पूर्व ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया और शोकॉज नोटिस जारी हुआ। सूत्रों के मुताबिक खम्हारडीह बस्ती, भावनानगर, पावर्ती नगर, अनुपम नगर, कचना फाटक में स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कचरा फैला हुआ पाया और नालियां भरी हुई मिलीं। इसी तरह बीएसयूपी कचना वार्ड के 8 सफाई ठेकेदार को निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी मिलने पर 10 हजार जुर्माना और 24 घंटे के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# चांदनी चौक से बस टर्मिनल चौक तक के मार्ग की बढ़ेगी सुंदरता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाठागांव स्थित नए बस टर्मिनल वाले मार्ग को सुंदर स्वरूप दिया जायेगा। चांदनी चौक से अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल चौक तक के मार्ग की भव्यता बढ़ाने लैंड स्केपिंग कराई जायेगी। इसके साथ ही सौंदर्यीकरण और हरियाली लाने पौधारोपण कराया जायेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल को स्थल निरीक्षण के दौरान इस आशय के निर्देश दिये हैं।

■ लैंड स्केपिंग, सौंदर्यीकरण और पौधारोपण की तैयारी

■ निगम आयुक्त ने जोन 6 कमिश्नर को प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के चांदनी चौक से आईएसबीटी मार्ग के दोनों ओर का सौंदर्यीकरण कराने जोन 6 कमिश्नरी प्रस्ताव तैयार करेगा। शहर के प्रमुख मार्ग की सुंदरता निखारने लैंड स्केपिंग कराई जायेगी। इससे बस स्टैंड आने-जाने वालों को आने वाले दिनों में इस मार्ग का बदला हुआ स्वरूप नजर आएगा।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, राजेश राठौर, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, संजय वर्मा की उपस्थिति में मार्ग का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि मार्ग के दोनों ओर स्थान की उपलब्धता के अनुसार सौंदर्यीकरण करवाया जाये।

### फ्लाईओवर के पास पौधारोपण

पचपेड़ीनाका फ्लाई ओवर के पास पाइप ट्री लगवाकर निगम आयुक्त ने शनिवार को पौधारोपण किया। लगाये गये पौधे की सुरक्षा को लेकर जोन 6 के अधिकारियों को निर्देश दिये। भाठागांव रिंग रोड किनारे पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाया गया।

## निधन

### जीत डागा



रायपुर। रायपुर निवासी जीत (जीतेश्वरी) डागा का 31 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 सितंबर को दोपहर के बाद मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कमल डागा की पत्नी और आदित्य डागा की माता थीं।

### कमल किशोर गट्टानी



रायपुर। यूफोरिया सोसायटी मोवा निवासी कमल किशोर गट्टानी (49) का 31 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. शंकरलाल गट्टानी के पुत्र और किशन गोपाल, जगदीश के भाई थे।

# जबरिया एक करोड़ की मछली ले जाने वालों के खिलाफ कोर्ट ने अपराध दर्ज करने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में मछली पालन करने लिए गए ठेका तालाब से जबरन एक करोड़ की मछली ले जाने के मामले में कोर्ट ने पुलिस को अपराध दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि पांच वर्ष पूर्व मोहम्मद मुश्ताक खान ने अपने अन्य पार्टनर के साथ मिलकर कयाबांधा तालाब में मछली पालने पांच साल के लिए ठेका लिया था। उस ठेका तालाब की निगरानी के लिए मुश्ताक ने चोकीदार भी रखा था, जिसे डरा धमकाकर पांच लोग तालाब से जबरिया मछली निकालकर ले गए। इसकी शिकायत मुश्ताक ने थाने के साथ एसएसपी के पास की, लेकिन पुलिस ने शिकायत पर ध्यान नहीं देते हुए एफआईआर दर्ज नहीं की। इस पर मुश्ताक ने कोर्ट में परिवाद दायर किया।

■ घटना पांच वर्ष पूर्व मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की

कोर्ट द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। मुश्ताक ने न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती कुलदीप की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। मुश्ताक के अनुसार पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की, इस वजह से उसने न्याय पाने कोर्ट में परिवाद दायर किया। मुश्ताक ने वर्ष 2019 में तालाब में मछली पालने का ठेका लिया था।

# अयोध्या में हुआ संतों के सानिध्य में गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अयोध्या के अवधपुरी कालोनी अमानी गंज में संत-महात्मा के सानिध्य में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन हुआ। इसमें प्रमुख रूप से जलगांव साहब से महंत देवीदास, अमर शहीद संत कंवरराम ट्रस्ट के प्रतिनिधि सांई नितिनलाल फैजाबाद, सांई महेशलाल, शिव शांति आश्रम के सांई हरिश लाल, भोजाराम दरबार से सांई ठाकुर दास, रेडियो सिंगर विशनी इसरानी, गुजरात और महाराष्ट्र जलगांव के जाने-माने गायक रतन जादवानी और उनकी टोली विशेष रूप से मौजूद रही।

■ देशभर के 50 धाम से श्रद्धालु भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

दरअसल, अयोध्या में 20 कमरों से सुसज्जित सर्व सुविधायुक्त गोदड़ीधाम बनेगा। वहां समाज के श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके निर्माण के लिए भूमिपूजन 30 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। इसमें गोदड़ीवाला धाम छत्तीसगढ़ के 11 धाम के साथ देशभर के 50 धाम से श्रद्धालु भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से राम जन्मभूमि व हनुमान गढ़ी जाकर दर्शन किया।

आयोजन में मुख्य रूप से सेवादार जय आहूजा, प्रेम पाहुजानी, महेश केवलरामानी, जगदीश कुमार वाधवानी, रोशन लाल राजपाल, मनोहरलाल पाहुजानी, विनीत पाहुजानी, विक्रम, वासु तोलानी, मनोज आहुजा, जमनू केवलानी, मुकेश केवलानी, रायपुर से अमर गिदवानी, अनिल थौरानी, इंदर थौरानी, हरीश कोडवानी, सुरेश जैरानी, पुजारी चौथवानी, शीतल रचदानी, दीपक छेतीजा, नरेश परयानी, राजेश गिदवानी, दीपक खेमानी, दिलीप जुमनानी ने सेवाएं दी। यह जानकारी अमर गिदवानी ने दी।



### सुंदरकांड, अखंड धुनी पाठ में बही भक्ति की धारा

अयोध्या के गोदड़ीधाम भूमिपूजन कार्यक्रम में सुबह 10 बजे संत-महात्माओं की मौजूदगी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही अखंड धुनी पाठ साहब में भक्ति की धारा बही। दोपहर 2 बजे भजन-कीर्तन का आनंद श्रद्धालुओं ने उठाया भूमिपूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। अयोध्या में प्रस्तावित गोदड़ीवाला धाम में आवास एवं भंडारे सुविधा रहेगी।

## पेज 07 के शेष ...

### शिफ्टिंग के लिए...

मुख्यालय से लेकर कृषि विपणन बोर्ड भवन, जनसंपर्क संचालनालय सहित कई विभागों के मुख्यालयों के दफ्तर शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसके अलावा अन्य कई विभागों के दफ्तर भी शिफ्ट होने हैं। इधर विभिन्न विभागों के दफ्तरों की शिफ्टिंग के बाद राजधानी में कई दफ्तर खाली हो गए थे। इनमें से कई दफ्तरों को विभागों के जिला दफ्तर बना दिए गए हैं, वहीं कुछ दफ्तरों के साथ अलावा कुछ सरकारी आवास अभी भी खाली पड़े हुए हैं। इनके खाली होने के बाद भी कुछ नए बड़े प्रोजेक्ट के काम अटके हुए हैं।

### छठ पूजा के लिए...

कन्फर्म टिकट पाने मारामारी करनी पड़ रही है। पिछले तीन महीने से लगातार करीब चार सौ से अधिक ट्रेनें रद्द होने के बाद भी गणेश उत्सव पर घर जाने लोग ट्रेनों में एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। ज्यादातर यात्री घर लौटने उन ट्रेनों में टिकट खरीद रहे हैं, जिन ट्रेनों को रेलवे ने अभी तक रद्द नहीं किया है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा समेत उत्तर प्रदेश और बिहार जाने समता, छत्तीसगढ़, सारनाथ, गीतांजलि एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में वेटिंग अभी से 50 से 70 के पार पहुंच चुका है। इसे देखते हुए रेलवे ने ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की तैयारी की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

### 15 गुना मुनाफे के...

रुपए में ट्रक ड्राइवर तथा अन्य लोगों को बेचता था। इस तरह से एक लाख रुपए की अफीम यहां 10 से 15 लाख रुपए में बिकती थी। 10 से 15 गुना मुनाफा मिलने की वजह से कुलजिंदर ड्राइवरी का काम छोड़ अफीम तस्करी करने के काम में जुड़ गया। सूखा नशा से बढ़ा खतरा सूखा नशा की खरीदी बिक्री के लिए रायपुर ड्रग तस्करी करने वालों के लिए एक बड़ा कॉरिडोर बन गया है। राजधानी के कबीर नगर तथा अन्य थाना क्षेत्रों में लंबे अरसे से सिंथेटिक ड्रग का कारोबार तेजी से बढ़ा है। यहां ओडिशा तथा आंध्रप्रदेश के रास्ते बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी हो रही है, इसी के साथ कुछ सालों से यहां सिंथेटिक ड्रग का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिसे रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुलजिंदर के बांग्लादेश कनेक्शन होने के बारे में जानकारी जुटाने की बात पुलिस कह रही है।

### नए बस स्टैंड में महिला...

रेप के आरोप में मध्यप्रदेश, जबलपुर निवासी सोनी लाल झरिया को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पति से विवाद होने पर महिला पिछले तीन दिनों से इंटर स्टेट बसस्टैंड में रह रही थी। शुक्रवार देर रात सोनी लाल ने महिला को बातचीत करने के बहाने बस के अंदर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। महिला के साथ गैंग रेप की अफवाह ने पुलिस के होश उड़ा दिए थे। महिला के साथ जहां रेप की घटना हुई, उसके चंद कदम की दूरी पर लगेज ऑफिस था, जहां दिन के साथ रात के समय चहल पहल रहती है। बावजूद इसके महिला के साथ रेप की घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है।

### ऑनलाइन खिलौना बेचने...

संपर्क करने के बाद जालसाज ने महिला को गूगल रिव्यू के माध्यम से घर बैठे मोटी कमाई का झांसा दिया। महिला को झांसे में लेने के बाद आरोपी ने महिला को वाट्सएप ग्रुप में एड किया। **महिला को ऐसे बनाया ठगी का शिकार** : पुलिस के अनुसार झांसा में लेने के बाद गूगल रिव्यू के बदले महिला को फायदा पहुंचाते हुए उसके अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद महिला को जालसाजों ने और ज्यादा लाभ देने का झांसा देकर इकोनॉमी टास्क दिए। इसके बाद महिला को टास्क पूरा होने की बात कह कर लाभ की रकम वापस देने के बदले और पैसों की मांग की। महिला से साढ़े 29 लाख रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

***74 लाख रुपए की संपति अटैच करने की तैयारी*** : पुलिस के मुताबिक नरेंद्र हिम्मत भाई के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में ठगी के 48 अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने अपनी जांच में पाया है कि जालसाज ने ठगी की रकम से सूरत में 74 लाख रुपए में नया मकान खरीदा है। दस्तावेजों की पड़ताल के बाद पुलिस जालसाज के मकान को अटैच करने की बात कह रही है। पुलिस ने जालसाज के कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए हैं, वो बैंक अकाउंट अलग-अलग राज्यों के सरकारी के साथ निजी बैंकों के हैं। अकाउंट अलग-अलग लोगों के नाम से है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच सौ से ज्यादा सिम कार्ड भी जब्त किया है।

# विद्युत मंडल अभियंता संघ ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान, दिए सुझाव

रायपुर। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। साथ ही विद्युत व्यवस्था के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष इंजीनियर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि राज्य की दूरगामी विद्युत आवश्यकता की पूर्ति के लिए नए उत्पादन गृहों एवं स्टोरेज परियोजनाओं की स्थापना, पॉवर कंपनियों में अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती, पांवर कंपनियों में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली एवं



भूतलक्षी प्रभाव से फैमिली पेंशन, रिक्त पदों के विरुद्ध अविलंब नियमानुसार पदोन्नति और अन्य राज्यों की बिजली कंपनियों जैसे छग पॉवर कंपनियों में भी चतुर्थ उच्चतर वेतनमान के लिए प्रावधान आदि हैं। मुलाकात करने वालों में संघ के महासचिव मनोज वर्मा, राजेश पांडेय आदि शामिल थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर
प.ह.न.-00082 सेजबाहरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.
RD202324440727100217
**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहरा के वर्तमान भूमिस्वामी गुडलक ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डाय. महेश गोयल पिता/पति दयानंद गोयल पता- संतोषी नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15007/1(0.0195) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता इन्दिरा मिश्रा पिता/पति विजय कुमार मिश्रा पता पचपेढ़ी नाका, लक्ष्मीनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/08/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदारः Tulsi Rathore**
**रायपुर**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 29/08/2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री डॉ. अजय चौरसिया एवं अन्य पिता श्री परमानंद चौरसिया निवासी अवनि विहार दलदल सिवनी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम तेलीबांधा पटवारी हल्का नंबर... राजस्व निरीक्षक मंडल... रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 430/21 रकबा 0.1860 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 30/08/2024 के परिपालन में दिनांक 04/09/2024 को समय 12 बजे के पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 64 के श्यामनगर रायपुर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**(राजस्व निरीक्षक)**
**रायपुर 09**



## खबर संक्षेप

### श्री राणी सती दादी मंदिर में अमावस्या महोत्सव कल से



**रायपुर।** श्री राणी सती मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय 2 से 3 सितंबर तक श्री राणी सती दादी मंदिर में भाद्र-अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी भारी संख्या शामिल होंगे। इसके अलवा प्रांत के बाहर आए हुए भक्तों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था निशुल्क मंदिर समिति द्वारा की गई है। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया और कैलाश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि राजा तालाब स्थित मंदिर में 2 सितंबर को शाम 7 बजे से दादीजी का नयनाभिराम श्रृंगार का दर्शन होगा। रात्रि 8.30 बजे ज्योति पूजन के बाद रात्रि 9 बजे से आमंत्रित भजन गायक पूजा नत्थानी एंड पार्टी कोलकाता, मनोज सेन एंड पार्टी, धनबाद द्वारा भजन संकीर्तन कर रात्रि जागरण होगा।

### मुक्ताकाशी मंच में आज सांस्कृतिक मिलन समारोह

**रायपुर।** संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा तीजा पर्व पर सांस्कृतिक मिलन समारोह और तिजहारिन तीज मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम का मुक्ताकाशी मंच पर 1 सितंबर को शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की आयोजक समाजसेवी ममता शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न समाज की महिला समूह की ग्रुप डांस स्पर्धा के साथ-साथ तीज क्वीन और फैशन शो का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावा सिंगिंग और डांसिंग कंपटीशन भी रखे गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विशेष अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व सांसद सुनील सोनी होंगे। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, किरणमयी नायक, भाजपा नेता मीनल चौबे भी विशेष अतिथि होंगी।

### अधिवक्ता उमाशंकर को एससीएसटी कोर्ट और विमला को पास्को कोर्ट की जिम्मेदारी





**रायपुर।** राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 6 माह बाद छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय द्वारा विगत दिनों आदेश जारी करते हुए यास्मीन बेगम विशेष लोक अभियोजक (पीओएससीओ) के स्थान पर विशेष न्यायालय, पास्को में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता विमला तांडी को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। इसी तरह नीलेश ठाकुर विशेष लोक अभियोजक के स्थान पर विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया।

# डब्लूआरएस कॉलोनी में 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट बोल्ट, स्क्रेप मटेरियल से गणेशजी तैयार

हरिभूमि न्यूज रायपुर।

खास खबर

राजधानी में इस बार की गणेशोत्सव कुछ खास अंदाज में होगा। पहली बार शहर में लोहे के गणेश जी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र होंगे। 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट बोल्ट, वायसर और रेल्वे के अलग-अलग स्क्रेप मटेरियल से अंचल के कलाकार अशोक देवांगन ने अपनी टीम के साथ मिलकर 1 माह की मेहनत के बाद 1000 किलो वजनी स्ट्रक्चर को तैयार किया है। गणेशोत्सव के दिन विधि-विधान से इसकी पूजा अर्चना की जायेगी।

7 सितंबर से शुरू होने वाले गणेशोत्सव में स्क्रैप से निर्मित 12 फीट ऊंचाई और 8 फीट चौड़े गणपति बप्पा का दर्शन शहरवासी वैगन रिपेयर शॉप कालोनी में कर पायेंगे। इसे रेलवे के 4 अप्रेंटिस प्रशिक्षु और कलाकार अशोक देवांगन ने लीक से हटकर आकार दिया है। गणेश जी की पूरी प्रतिमा नट बोल्ट, वायसर, लॉकिंग प्लेट सहित रेल्वे के अलग-अलग तरह के स्क्रैप से तैयार की गई है। इसमें 11 हजार लॉकिंग प्लेट का उपयोग किया गया है। कलाकार अशोक देवांगन ने हरिभूमि को बताया कि लोहे से बनाये गये गणेश जी की प्रतिमा को स्थायी रूप से वहां रखा जायेगा। इससे पहले वे लोहे के स्क्रैप में बड़ी विशालकाय कलाकृतियों का निर्माण कर चुके हैं। देश के विभिन्न रेलवे के कारखानों में इंडिया गेट, गेटवे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुबमीनार, बुद्ध और 500 से अधिक बस्तर आर्ट की कलाकृति लग चुकी है।

रायपुर एयरपोर्ट पर उनकी बनाई गई घोड़े की आकृति एयरपोर्ट की पहचान बनी है। इस बार के गणेश की कलाकृति निर्माण में सेक्टर इंजीनियर गुलाब सिंह, प्रशिक्षु अमित मंडल, एलपी अमित का सहयोग रहा।

**खास बातें**

- 12 फीट चौड़ा, 8 फीट ऊंचा और 1 हजार किलो वजनी स्ट्रक्चर
- 4 अप्रेंटिस प्रशिक्षु और स्क्रैप के जादूगर अशोक देवांगन की महीनेभर की मेहनत



### तात्यापारा में वेस्टर्न थीम पर पंडाल 14 फीट ऊंचे गणेशजी



श्री भारतीय समाज, तात्यापारा चौक गणेशोत्सव समिति की ओर से इस बार क्रिस्टल वर्क से तैयार 14 फीट ऊंचाई वाले गणपति बप्पा, रिद्धि सिद्धि के साथ वेस्टन थीम वाले पंडाल पर विराजमान होंगे। चेन्नई के कुमार कोट्टायम मंदिर के प्रतिमा की तर्ज पर इस आकर्षक गणेश प्रतिमा का निर्माण ग्राम थनौद के मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी द्वारा किया जा रहा है। 2 टन वजन वाली आकर्षक प्रतिमा को गढ़ने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। समिति के कुशल गेडेकर, हर्षित साहू और गौरव गेडेकर ने बताया कि उनकी समिति इस बार 38वां गणेशोत्सव मनायेगी।

## पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग की छात्राओं ने मेस समिति के विरुद्ध की शिकायत

# निशुल्क भोजन के बदले वसूल रहे 5-5 सौ रुपए, न क्वालिटी सही, न ही खाना भरपेट

हरिभूमि न्यूज रायपुर

रायपुर जिले के आरंग में संचालित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास के मेस में छात्राओं को न ही भरपेट खाना नहीं मिल रहा है और न ही खाना की क्वालिटी सही है। छात्राओं ने छात्रावास की मेस समिति पर आरोप लगाया है कि घटिया और कम खाना देने का विरोध करने पर समिति के सदस्यों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस शिकायत को लेकर छात्राओं ने आदिम जाति विकास विभाग कार्यालय पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की है। इधर इस मामले में विभाग के अधिकारी का कहना है कि मेस का संचालन छात्राओं का ही एक ग्रुप करता है। इस मामले की जांच की जाएगी। जांच में अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो मेस समिति को भंग कर दूसरी समिति बनाई जाएगी।

आरंग स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की 30-35 छात्राएं शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंची थीं। इन सभी छात्राओं को कलेक्टोरेट मुख्यालय के मेन गेट के सामने तैनात पुलिस बल ने रोक दिया।



**शिकायत पर जांच करेंगे**

छात्राओं ने शिकायत की है कि मेस समिति भरपेट और सही खाना उपलब्ध नहीं करा रही है। इसका विरोध करने पर समिति के सदस्य अभद्र व्यवहार करते हैं। इसकी जांच करेंगे। जरूरत पड़ने पर समिति को भंग कर दूसरी बनाएंगे।
**- विजय सिंह कंवर,** सहायक आयुक्त

छात्राओं के एक साथ कलेक्टोरेट पहुंचने से कुछ देर के लिए आदिम जाति विकास में भी हड़कंप मच गया था।

पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर विभाग के अधिकारी तुरंत मुख्य गेट पर पहुंचे और छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान छात्राओं ने उन्हें ज्ञापन देते हुए मेस समिति को हटाए जाने की मांग की। छात्राओं की बात सुनने के बाद अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि स्वयं छात्रावास आकर इस मामले की पड़ताल करेंगे। इस दौरान वे मेस समिति के सदस्यों के साथ छात्रावास की अधीक्षिका से भी बात करेंगे। इस पड़ताल में शिकायतें सही पाई गईं, तो समिति को भंग कर उसकी जगह नई समिति को मेस संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### छात्राओं का एक ग्रुप करता है मेस का संचालक

मेस का संचालन छात्राओं का एक ग्रुप करता है। इस समिति को प्रति छात्रा के हिसाब से शासकीय दर 12 सौ रुपए प्रति माह दिया जाता है। समिति द्वारा इस राशि के हिसाब से छात्राओं को सुबह का नास्ता, दोपहर एवं रात के भोजन की व्यवस्था की जाती है।

### 5-5 सौ रुपए छात्राओं से अतिरिक्त राशि ली जा रही

छात्राओं ने आरोप लगाया है कि मेस समिति को विभाग द्वारा नास्ता-भोजन की व्यवस्था के लिए भुगतान किया जाता है। इसके बाद भी समिति सभी छात्राओं से 5-5 सौ रुपए ले रही है। छात्राओं का कहना है कि इसके बाद भी समिति द्वारा छात्राओं को अच्छा एवं पेटभर भोजन परोसा नहीं जा रहा है।

# दोना-पत्तल, कुटकी से किसानों-आदिवासियों के बीच शुरू होगा लघु उद्योग, मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज रायपुर

कबीरधाम जिले में ग्राम सेमहरा कईकुकदूर में ऐसे आदिवासी व किसान जो तेन्दूपत्ता तोड़कर जीवन चलाते हैं, ऐसे छत्तीसगढ़ियों की एक साथ दुर्घटना में मृत्यु होने पर राज्य आंदोलनकारियों ने पूरे गांव को गोद लिया है। दोना-पत्तल, कोदो- कुटकी से जुड़े पहले उद्योग की स्थापना गणेश चतुर्थी पर सात सितंबर से की जाएगी। यह घोषणा शनिवार को पत्रकार वार्ता में राज्य आंदोलनकारी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा की गई।

- छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने दी पहल की जानकारी

राज्य आंदोलनकारी संगठन से जुड़े भगवान बिरसा मुण्डा वन कृषि आधारित उत्पादन समिति के बैनर तले राज्य आंदोलनकारी दीनदयाल वर्मा, जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, अनिल दुबे, लालाराम वर्मा ने क्षेत्र के 6 युवाओं को लघु उद्योग चलाने के लिए प्रशिक्षण दिलवाया है। प्रशिक्षण दिलाने के बाद राज्य आंदोलनकारियों ने आपस में कलेक्शन कर 2 लाख में दोना-पत्तल बनाने वाली मशीनें खरीदी हैं। इसे गांव के लोगों को देते हुए गणेश चतुर्थी से उन्हें जीवन यापन के लिए तकनीक से जोड़ने का अवसर देने जा रहा है।

### 16 जिलों में पहल प्रस्तावित

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्वागत द्वार, पंडाल निर्माण के साथ आदिवासी परंपरा के तहत वाद्ययंत्र, आदिवासी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इसमें कबीरधाम के जिलाधीश को भी आमंत्रित किया है। इसमें डीएफओ, तहसीलदार, एसडीएम और पंडरिया थाना प्रभारी भी शामिल होंगे। राज्य आंदोलनकारियों ने इस प्रयोग को छत्तीसगढ़ के प्रमुख 100 गांवों तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसे 16 जिलों तक पहुंचाने की पहल प्रस्तावित है। इसमें बस्तर, जशपुर, सरगुजा, बिलासपुर, नांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बालोद, धमतरी, कांकेर शामिल है।

# बेंगलुरु कर्नाटका में रायपुर बस ऑपरेटर हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज रायपुर

बेंगलुरु कर्नाटका में बस ऑपरेटर कॉनफेडरेशन ऑफ इंडिया बोकी द्वारा आयोजित प्रवास 4.0 कार्यक्रम में देश के वेस्ट जोन के बस ऑपरेटरों में छत्तीसगढ़ रायपुर के दो ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को तमिलनाडु सरकार ने सम्मानित किया है। इनमें रॉयल ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को लोकप्रिय बस ऑपरेटर के लिए तथा न्यू रॉयल ट्रैवल्स को स्टेज कैरिज ऑपरेटर के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य के परिवहन मंत्री टीएसएस शिवाशंकर ने दिया।

- तमिलनाडु सरकार ने देश के वेस्ट जोन में लोकप्रिय एवं स्टेज कैरिज ऑपरेटर के लिए किया पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे ने इस सम्मान के लिए रॉयल बस ट्रैवल्स ऑपरेटरों को बधाई देते हुए कहा कि ये छत्तीसगढ़ के लिए खुशी, गौरव व सम्मान की बात है। यह उपलब्धि राज्य के बस ऑपरेटरो के लिए प्रेरणा का काम करेगी। यातायात महासंघ के प्रमुख सलाहकार शिवेश सिंह ने कहा है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी बस संचालन का व्यवसाय शिखर पर पहुंच चुका है, जिसका उदाहरण राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में वेस्ट जोन में छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों को मिला सम्मान है। यह समूचे छत्तीसगढ़ का सम्मान है। रायल ट्रैवल्स के संचालक एवं महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए महासंघ के अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी है।

# बीएससी नर्सिंग के नतीजे घोषित, करीब साढ़े 13 हजार प्रवेश के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज रायपुर।

शासकीय एवं निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा के परिणाम व्यापमं ने घोषित कर दिए हैं। पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के नियम के हिसाब से करीब साढ़े 13 हजार परीक्षार्थी प्रवेश के लिए पात्र हैं। इस परीक्षा में 28 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे।





राज्य में निजी और शासकीय मिलाकर बीएससी नर्सिंग की लगभग आठ हजार सीटों में एडमिशन होता है। इसके लिए व्यापमं हर साल परीक्षा का आयोजन करता है। नियम के मुताबिक प्रवेश परीक्षा में जिन्हें पचास प्रतिशत अंक प्राप्त होता है, उन्हें कालेज में प्रवेश के लिए पात्र माना जाता है। इस प्रवेश परीक्षा में कुल 27884 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा का आयोजन जुलाई के दूसरे पखवाड़े में किया गया था। सूत्रों के अनुसार शनिवार को घोषित किए गए परिणाम में 13 हजार छात्रों को नियम के अनुसार प्रवेश के लिए पात्र पाया गया है। इसके अ ला वा ० या व सा यि क परीक्षा मंडल द्वारा तीस जून को प्री-बीएड तथा डीएलएड की परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके परिणाम की घोषणा भी शनिवार को 31 अगस्त को कर दी गई है।

- पचास फीसदी न्यूनतम अंक, करीब 28 हजार शामिल हुए थे

### चिकित्सा शिक्षा विभाग से भर्ती

बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा परिणाम के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के निजी और शासकीय नर्सिंग कालेजों में बीएससी नर्सिंग की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इन कालेजों में आईएनसी द्वारा पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के माध्यम से प्रवेश का नियम बनाया गया है, मगर पिछले कई सालों ने पहले दौर के प्रवेश के बाद कालेजों में खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए नियम को शिथिल कर प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को प्रवेश के लिए पात्र करार दिया जाता है।

# उपभोक्ताओं को लोड बढ़ाने दफ्तरों के चक्कर काटने से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज रायपुर



प्रदेश में अब किसी भी बिजली उपभोक्ता को अपने घरेलू कनेक्शन का लोड बढ़ाने के लिए बिजली दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। इसी के साथ अब किसी भी तरह के आवेदन और दस्तावेज भी नहीं देने पड़ रहे हैं। लोड बढ़ने पर पॉवर कंपनी खुद से ही बिजली बिल में शुल्क जोड़कर इसको अपग्रेड करने का काम कर रही है। प्रदेशभर के 55 लाख से ज्यादा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की पहल पर यह बड़ी राहत मिली है।

- न आवेदन की जरूरत, न ही प्रोसेसिंग शुल्क देना जरूरी

बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं को अपने एक किलो वॉट के कनेक्शन में लोड बढ़ाने के लिए अब तक भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता था। इसके लिए जो प्रक्रिया थी, वह इतनी ज्यादा जटिल थी कि इसको पूरा करवाने में उपभोक्ता का पसीना छूट जाता था। इसी के साथ बहुत ज्यादा कागजी खानापूर्ति की भी जरूरत पड़ती थी। इसी के साथ पैसे भी ज्यादा लगते थे। इसकी जानकारी प्रदेश सरकार तक पहुंचाने पर इस प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश पॉवर कंपनी को दिए गए। इसके बाद पॉवर कंपनी ने इसको पूरी तरह से सरल बना दिया है।

### बिना आवेदन ही अब काम

नई व्यवस्था में अब किसी भी उपभोक्ता को अपना लोड बढ़ाने के लिए आवेदन देने की जरूर ही नहीं है। इसी के साथ अब जिस घर में बिजली कनेक्शन है, उसके कागजात, संपत्ति कर की रसीद सहित अन्य खानापूर्ति की भी जरूरत नहीं। इसी के साथ जो दो सौ रुपए का प्रोसेसिंग शुल्क लगता था, वह भी नहीं लग रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक अब किसी भी उपभोक्ता का लोड अगर एक किलो वॉट के स्थान पर दो किलो वॉट हो जाता है तो उसके बिल में एक किलो वॉट का शुल्क आठ सौ रुपए और 18 फीसदी जीएसटी के 144 रुपए मिलाकर 944 रुपए जोड़कर भेज दिए जाते हैं। इसी के साथ बिजली बिल में एक किलो वॉट के स्थान पर लोड दो किलो वॉट लिखकर आने लग जाता है।

### विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने जोन-10 के रानी दुर्गावती वार्ड, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड , बाबू जगजीवनराम वार्ड और कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण सहित नवीन विकास कार्यों का श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि चंद्रहास निर्मलकर, नानू ठाकुर, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा सहित आमजन उपस्थित रहे।

हार्दिक आभार
डॉ. ए.सुरेश कुमार
डॉ. मधुप्रिता अग्रवाल व
अशोका हॉस्पिटल
टीम को
हमें (मिश्रा दम्पत्ति को 15 वर्ष और गौतम दम्पत्ति को 12 वर्ष ) विवाह के बाद (IVF) पद्धति से संतान की प्राप्ति हुई, हम Ashoka Advanced IVF Hospital (पंडरी, मण्डी गेट स्थित, रायपुर) के चिकित्सक व टीम को हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।
धन्यवाद !

### संजय बने छग स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष



**रायपुर।** एक निजी होटल में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन की 43वीं वार्षिक आमसभा और द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फिर से संजय त्रिपाठी को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी दौरान दीपक बजाज दिल्ली के एक टॉक शो का बेहतरीन आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों को प्रशिक्षित किया गया। इस वार्षिक आमसभा में कमल शारडा, दिनेश अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, रमेश अग्रवाल, बिशंभर अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, विजय गोयल, अनिल अग्रवाल, अंकित केडिया, मनोज केडिया, संजय बोथरा, आशीष बोथरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

REQUIREMENT
Senior Accountant -2
(Minimum Experience Of 3 Years In Company Audit)
Assistant Accountant -2
(Minimum Experience Of 3 Years In Office Accounting)
Salary According to Experience
Send Your Resume To E-mail- jhtcmd@yahoo.com
Whatsapp - 9300442005
Add.- J H Transport and Co. Shop No. 120, EDGE Building, Vidhansbha Road, Mova, Raipur (C.G.)

## बीएलओ प्रपत्र के माध्यम से बताएंगे वार्ड में ओबीसी मतदाता की संख्या

# निकाय चुनाव, ओबीसी का आरक्षण तय करने होगा सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के बाद अब ओबीसी सर्वे शुरू हो रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान तैयार की गई मतदाता सूची पर आधारित होगा। निकाय चुनाव की तैयारी में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए सर्वे की तैयारी है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के आरक्षण के संबंध में ओबीसी का सर्वेक्षण कराया जाएगा।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य जिला कलेक्टर द्वारा 20 अगस्त से 10 अक्टूबर तक कराया जाएगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे। पुनरीक्षण के दौरान उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग की





संख्या के आकलन के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें ओबीसी के आंकड़े एकत्रित करने प्रपत्र को अलग से संलग्न करना होगा। नगरीय निकाय विभाग ने सभी नगर पालिका और निगम के सहायक राजस्व अधिकारी को अपने-अपने वार्ड में सुपरवाइजर बनाया गया है। चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, अतः कार्य को समय सीमा में करने कहा गया है। सर्वेक्षण के संबंध में प्रतिदिन का कार्य प्रगति प्रतिवेदन एआरओ के माध्यम से जोन कमिश्नर को प्रस्तुत करना होगा। मामले में जोन कमिश्नर कार्यालय में बीएलओ की बैठक कर उन्हें इस संबंध में जानकारी दी गई।

### आंकड़े जुटाने का प्रयास

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य कराने निर्वाचन आयोग ने 20 अगस्त से 10 अक्टूबर तक किया जाना है। विधानसभा चुनाव के मतदाता सूची के आधार पर पुनरीक्षण का कार्य होगा। नए मतदाता जोड़ने के अलावा उन मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा जो ओबीसी वर्ग के हैं। नगरीय निकाय विभाग के पास ओबीसी की वास्तवित संख्या नहीं होने के कारण वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया तय करने में कठिनाई को देखते हुए सर्वे कराया जा रहा है।


### वार्डों के परिसीमन में कई का क्षेत्र बढ़ा

जनगणना निदेशालय द्वारा जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ो के अनुसार प्रत्येक वार्डों की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डों का परिसीमन किया गया है। कई वार्ड में नए क्षेत्र जुड़े हैं, इससे वहां मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वहीं कुछ वार्डों में मतदाता संख्या में कमी आरई है। मतदाता सूची का पनरीक्षण के बाद वार्ड आरक्षण की कवायद तय होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश,
श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024,
11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
02 मई से 16 मई 2024
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

02

शहरी क्षेत्रों में घट रही पोला की रौनक....

लाइव इवेंट

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित, साझा किए अनुभव



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षकों के लिए शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ, जिसमें राज्यभर के शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस और उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बीसीए तृतीय सेमेस्टर की प्रतिभावान छात्रा सुश्री अनंता कुमारी और इंटीरियर डिजाइनिंग पांचवे सेमेस्टर की सुश्री रितु वर्मा द्वारा प्रस्तुत आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इसके बाद कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय की यात्रा और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर विचार करते हुए स्वागत भाषण दिया।

### बताई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका

डॉ. सुनैना शुक्ला, कॉर्पोरेट एवं माइंड फुलनेस प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर एक सत्र लिया और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का गहन अवलोकन प्रदान किया तथा शैक्षिक मानकों को समर्थन देने और आगे बढ़ाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे कैरियर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए और उपस्थित दर्शकों को प्रेरणादायी शब्द दिए। कार्यक्रम में एक आकर्षक सत्र भी शामिल था, जिसमें सभी 44 पुरस्कार विजेता शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार साझा करने का अवसर मिला।

सिटी इवेंट

## शिक्षक का सबसे बड़ा गुण बच्चों को उनके स्तर पर रहकर शिक्षित करना



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के सभागृह 'एकेडमिक लीडरशिप एवं नेशनल एजुकेशन और स्कूल मैनेजमेंट' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संबोधन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक अभय राम उपस्थित रहे। जिन्होंने संबोधन में कहा, शिक्षक का सबसे बड़ा गुण बच्चों को उनके स्तर पर रहकर शिक्षित करना है। माता-पिता के बाद बच्चों को अच्छी शिक्षा व उज्ज्वल भविष्य के लिए गढ़ने की जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है। विशेष अतिथि डॉ. जयेंद्र नारंग ने कहा, घर के बाहर बच्चों का पहला रोल मॉडल शिक्षक होता है। बच्चों के साथ सार्थक संवाद के लिए अच्छी भाषा, आजादी और प्रिपरेशन आवश्यक है।

### छात्रों को गढ़ने की जिम्मेदारी शिक्षकों की

छत्तीसगढ़ निजी स्कूल मैनेजमेंट संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, हम नए पाठ्यक्रम के लिए तैयार हैं। स्कूल की आत्मा शिक्षक होते हैं, शिक्षकों में ब्राइट विजन होना आवश्यक होता है। विद्यालय में प्राचार्य शिक्षकों की योग्यता दक्षता, मनोदशा के अनुरूप उनसे सतत संपर्क में रहें। शिक्षकों से चर्चा के दौरान क्लास के बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलती है। नई शिक्षा नीति की सहायता से विद्यार्थियों की शिक्षा में प्रभाव देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूल के प्राचार्य व डायरेक्टर उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा नीति की जानकारी दी।

गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक लुक दे रहे कोलकाता के कारीगर

# माना में साढ़े तीन लाख की सबसे महंगी प्रतिमा विघ्नहर्ता के मस्तक पर सजेगा मुंबई का मुकुट

'शहर में प्रथम पूज्य श्रीगणेश की स्थापना से पहले जहां पंडाल सजने लगे हैं। वहीं अलग-अलग क्षेत्र में गणेश प्रतिमा बनाने वालों के पास भी रौनक बढ़ने लगी है। इस बार मुंबई की तर्ज पर लालबाग का राजा ही नहीं, बल्कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद मूर्तिकार गणेश भगवान को राम मंदिर में विराजमान कराने के लिए आकर्षक लुक दे रहे हैं। माना में कोलकाता व पश्चिम बंगाल से आए कलाकार 5 से 25 फीट ऊंची प्रतिमा व झांकी को संवारने में जुटे हैं।'







**रायपुर।** हर साल की तरह ही गणेश चतुर्थी से पहले घरों और कार्यालयों में विघ्नहर्ता को स्थापित करने के लिए लोग मूर्ति खरीदने के लिए बाजारों समेत मुख्य मार्गों के आसपास दुकान सजाने वालों के पास भी पहुंचने लगे हैं। इस बार पंडरी, अम्लेश्वर, टिकरापारा में भी परिवार के बीच 11 दिनों तक आराधना के लिए मूर्ति के साथ फ्रेम वर्क करके तैयार की जा रही आर्टिफिशियल चौकी व आसन भी खरीदने पहुंचने लगे हैं। इससे गणेशोत्सव से पहले ही उनके चौकी व मंडप सजाने के लिए लोग आर्डर कर रहे हैं। अलग-अलग साइज व हाइट की प्रतिमा के आसपास साज-श्रृंगार के लिए लोग जानकारी लेने के लिए भी पहुंच रहे हैं। लकड़ी व स्टील के फ्रेम का इस्तेमाल करके पूजाघर में गणेश का दरबार सजाने के लिए लोग पहले से ही तैयारी में जुट गए हैं।

### 5 हजार से साढ़े तीन लाख तक की मंगलमूर्ति

बचपन से मिट्टी का उपयोग करके श्रीगणेश व दुर्गा माता की प्रतिमा बनाने वाले मानिक ठाकुर ने बताया कि इस बार 2 से 25 ऊंची प्रतिमा को भी आकार दिया जा रहा है। इस बार प्रतिमा की लागत 5 हजार से 3.50 लाख की रेंज में है। इसे बनाने के लिए कोलकाता व बंगाल से भी कलाकार हर सीजन में आते हैं। इस बार गणेश प्रतिमा को शिव परिवार की संयुक्त झांकी के रूप में भी संवारा गया है। अष्ट सखियों के साथ भी गणेश की आकर्षक प्रतिमा को आकार दिया है। मुंबई की चर्चित प्रतिमा लालबाग के राजा की मुद्रा में आराध्य देवता को लुक दिया है।

### आकर्षक मुद्रा में विघ्नहर्ता

मूर्तिकार रवि सरकार के साथ काम करने वाले हुनरमंदों ने भी विघ्नहर्ता की छोटी-बड़ी झांकी को आकर्षक मुद्रा में संवारने का क्रम जारी है। जैसे-जैसे स्थापना का समय नजदीक आ रहा, वैसे-वैसे लोग मूर्ति बनाने वालों के पास आर्डर समय पर पूरा होगा या नहीं, यह जानने के लिए पहुंचने लगे हैं। जयकिशन नायक के पास इस बार रूद्र रूप के साथ ही शिव परिवार व राजा की मुद्रा में बैठे हुए गणेशजी की प्रतिमाओं को सजाया गया है। इस बार कलाकारों ने गणेश की सवारी को भी झांकी का हिस्सा बनाने के लिए उन्हें नाचते हुए मुद्रा में भी दिखाया है।

### गुजरात-मुंबई का साज श्रृंगार

मूर्तिकार श्री ठाकुर ने बताया कि मिट्टी, पैरा, लकड़ी तो आसपास के गांव से मंगाते हैं। प्रतिमा को सजाने साज-श्रृंगार के लिए जरूरी सामान बेहतर क्वालिटी के यहां नहीं मिलते, इसलिए गुजरात, मुंबई व कोलकाता से मंगाना पड़ता है। वहीं मूर्तिकार रंजीत विश्वास के पास डेढ़ फीट से 14 फीट तक ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। 4 हजार से 1.30 लाख तक में समिति के लोगों ने पहले से बुकिंग कराई है। इनके पास आदिवासी परंपरा के तहत गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। राधा-कृष्ण की मुद्रा में भी चार भुजाधारी को कलाकार तराशने में जुटे हुए हैं।

## ब्रेनिश मेगाफेस्ट स्पर्धा आज राज्यभर के जुटेंगे 1000 बच्चे

**रायपुर।** ब्रेनिश मेगाफेस्ट 2024' का आयोजन आज होगा। रविवार 1 सितंबर की सुबह 9 बजे ब्रेनिश-अबेकस के राज्यभर के 1000 से ज्यादा बच्चे आज रायपुर में जुटेंगे। मैग्नेटो मॉल के समीप अग्रसेन धाम में अबेकस की विभिन्न आयुवर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। इस आयोजन के संचालक अमित माहेश्वरी ने बताया कि 'ब्रेनिश मेगाफेस्ट' में छत्तीसगढ़ के करीब एक हजार से ज्यादा बच्चे अबेकस की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। विभिन्न आयु समूहों में होने वाली ब्रेनिश-अबेकस की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बच्चों में खासा उत्साह है। लंबे समय से बच्चे इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अभ्यास करते आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अबेकस बिना कैलकुलेटर से गणितीय गणनाएं करने की एक पद्धति है। इसके नियमित अभ्यास से बच्चे गणित की कठिन गणनाएं बिना कैलकुलेटर से कर लेते हैं। साथ ही उनमें अनेक बौद्धिक क्षमताएं भी विकसित हो जाती हैं। श्री माहेश्वरी ने बताया कि बच्चों में असीम संभावनाएं छिपी होती हैं, जरूरत है उन्हें लगातार अभिप्रेरित करने की। प्रतियोगता का मूल उद्देश्य भी यही है। समापन समारोह का सीधा प्रसारण ब्रेनिश-अबेकस के इंस्टाग्राम पर भी होगा।




जेसीआई वामांजलि ने सेलिब्रेट किया तीज

## तीज महोत्सव में राजस्थानी-मारवाड़ी लुक ने भरा रंग







**रायपुर।** जेसीआई वामांजलि द्वारा एक दिवसीय तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेसीआई की महिलाएं ने विभिन्न भारतीय परिधानों व आभूषणों के साथ नजर आईं। कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहला स्थान अनीता अग्रवाल, दूसरा सीमा साहू व तीसरा स्थान सुनीता मिश्रा ने हासिल किया। इस दौरान संस्था में 13 नई सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया गया। आयोजन में अर्चना द्विवेदी, संगीता अनल, महक होतवाली, लीला साहू, लाली सोनी, सपना सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाएं राजस्थानी व मारवाड़ी परिधान में सज-धज कर पहुंची थ। जहां सोलह श्रृंगार व परिधान के साथ पारंपरिक गानों पर नृत्य भी किया।

## धर्म लाइव

# आकर्षक झांकी-पारंपरिक वाद्ययंत्रों से सजेगी नुआखाई शोभायात्रा



**रायपुर।** ओड़िया गांड़ा समाज के तत्वावधान में 3 सितंबर को भव्य नुआखाई शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें गांड़ा समाज के देवी-देवता के साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है, इसलिए यहां कृषक नुआखाई पर्व ऋषि पंचमी के दिन हर साल मनाते हैं। प्रदेश में ओड़िया गांडा समाज की संस्कृति के प्रतीक पर्व नुआखाई के उपलक्ष्य में मंगलवार को इस बार भी भव्य नुआखाई शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें मैनपुर से श्री उदयनाथ बाबा एवं ओड़िसा ढकानाल जुरूदा गादी से श्री गगन बिहारी बाबा आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह जानकारी शनिवार को पत्रकारवार्ता में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति के त्रिलोचन सोना, जितेंद्र तांडी, भरत छुरा, रमन तांडी और प्रकाश जगत ने दी।

### घुमरा नृत्य व घंटा बाजा...

शोभायात्रा बुढ़ी माता मंदिर राजेंद्र नगर में 10 बजे शुरू होने वाली पूजा-अर्चना के बाद निकाली जाएगी। इसमें गंड़वा बाजा के साथ घुमरा नृत्य करते नर्तकों का दल आगे बढ़ेगा। ओड़िशा के घंटा बाजा की गूंज गोवर्धन चौक केनाल रोड, जय जवान पेट्रोल पंप, भगत सिंह चौक, नगर घड़ी चौक, शास्त्री चौक, मोतीबाग, मधुसूदन दास चौक, महिला थाना से ग्रास मेमोरियल ग्राउंड आकाशवाणी चौक में सुनने को मिलेगी। यहां शाम 5 बजे होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा को भी आमंत्रित किया गया है।

● पर्व पर रावणभाठा दशहरा मैदान में कल बैल दौड़ व बैल सजाओ प्रतियोगिता

# शहरी क्षेत्रों में घट रही पोला की रौनक, मिट्टी के बैल महंगे, इसलिए लकड़ी के बैल खरीद रहे

छत्तीसगढ़ी त्योहार पोला इस वर्ष 2 सितंबर को मनाया जाएगा। पोला से पहले ही शहर के बाजारों में मिट्टी के बर्तन, जांता व बैल सजाए गए। पोला पर्व पर किसान बैलों की विशेष रूप से पूजा करते हैं। इस अवसर पर बैलों का श्रृंगार किया जाता है। शहर में भी सामूहिक रूप से बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जहां शहर एवं गांव के किसान अपने बैल जोड़े के साथ पहुंचते हैं।

**रायपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पोला त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है, वहीं शहरी क्षेत्रों में धीरे-धीरे इसकी रौनक कम होती नजर आ रही है। शहर के कुम्हार व फुटकर व्यापारियों ने चर्चा के दौरान बाजार की जानकारी दी, जिसमें बीते 2-3 साल से खरीदारी की कमी के बारे में बताया।

### मिट्टी से अधिक लकड़ी के बैल बिक रहे

चिकनी मंदिर के पीछे स्थित दुकान संचालक जान्हवी साहू ने बताया, तीज व पोला के लिए दुकान पर जांता, लकड़ी के बैल व अन्य पूजन सामग्री शामिल है। बीते कई वर्षों से दुकान सजाई जा रही है, वहीं धीरे-धीरे पोला पर्व पर बैल व जांता की खरीदारी कम हो रही है। बीते 1-2 साल से मिट्टी के बदले लकड़ी के बैल की खरीदी अधिक हो रही, जिसके कारण लकड़ी के बैल महादेवघाट के थोक व्यापारियों से लाए जा रहे। बीते 3-4 सालों में कुम्हार द्वारा मिट्टी के बैल की कीमत बढ़ाई गई, लेकिन बाजार में अधिक दाम होने पर लोग खरीदी नहीं करते, जिसके कारण पुराने दाम पर बेचना पड़ता है।







### बैल सजाओ प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में किसान अपने बैलों के साथ आकर्षक श्रृंगार कर पहुंचते हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ी परंपरा व देवी-देवताओं की मूर्ति की झांकियां देखने को मिलती हैं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं शहर के प्रतिभागियों को 1 हजार व गांव के प्रतिभागियों को 2 हजार रुपए परिवहन खर्च के रूप में दिया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू करेंगे।

### मिट्टी के बैल 120 से 600 रुपए तक

महामाया मंदिर रोड स्थित दुकान संचालक प्रमिला ने बताया, महादेवघाट स्थित कुम्हार परिवारों से बैल की खरीदी की जाती है। ये बैल विशेष रूप से पोला के लिए तैयार कराए जाते हैं। पूरे शहर में इस डिजाइन व आकार के बैल मिलना संभव नहीं है। दुकान में डिजाइनर मिट्टी के बर्तन, मिट्टी व लकड़ी के बैल उपलब्ध हैं। बर्तन के एक सेट की कीमत 150 रुपए तय है, वहीं लकड़ी के बैल 100 रुपए से 150 रुपए तक बेच रहे हैं। मिट्टी के बैल की कीमत 120 रुपए जोड़ी से 600 रुपए जोड़ी तय की गई है।

### छत्तीसगढ़ी त्योहार पर उत्साह में कमी

गोलबाजार स्थित दुकान संचालक संजय चंद्राकर ने बताया, बीते 5-6 साल में पोला त्योहार का उत्साह कम होता जा रहा है। जहां लोग मिट्टी के बर्तन से स्टील व मिट्टी के बैल तथा जांता से लेकर लकड़ी के बैल खरीदना अधिक पसंद कर रहे। इस परिवर्तन के कारण मिट्टी के वस्तुओं की खरीदी कम हो रही है। दुकान में मिट्टी के बैल, जांता व बर्तन उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत 100 रुपए से शुरू होकर 300 रुपए तय है। मिट्टी के बैल की कीमत आकार के अनुसार तय की जाती है। इस वर्ष पोला पर्व के लिए अधिक खरीदी नहीं की गई है, आने वाले दो दिनों में ही इसका कारोबार तेज होने की उम्मीद है।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता कल

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समिति द्वारा 2 सितंबर को भव्य बैल दौड़ व बैल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को शाम 4 बजे नया बस स्टैंड स्थित रावणभाठा दशहरा मैदान मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष माधवलाल यादव ने बताया, बीते 15 वर्षों से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अब तक लगभग 12-15 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। आयोजन में मुख्य रूप से 101 किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

## समाज इवेंट

# पॉलिथीन कैंसर का सबसे बड़ा कारण, प्लास्टिक के चम्मच व गिलास का उपयोग करें बंद



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी द्वारा वंदेमातरम पर्यावरण संरक्षण में छात्र एवं युवाओं की भूमिका विषय पर दक्षिणामूर्ति विद्यापीठ चंगोराभाठा रायपुर में डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, मोना दुबे, पद्मिनी वर्मा, पुनीता चंद्रा ने बालक बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा, जिस प्रकार से भारतवर्ष की सीमा की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा काम करते रहते हैं। उन्हीं वीर सैनिकों के कारण हम सभी सुरक्षित हैं। उसी प्रकार से हमारी ग्रीन आर्मी सीमा के अंदर लगातार पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर धरती मां की सेवा कर रही है। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्राकर ने कहा कि वंदेमातरम का अर्थ होता है माता की वंदना करो, वंदेमातरम ऐसा नारा है, जो लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा कर देता है। इस नारे का उपयोग भारत की आजादी के आंदोलन में किया गया था। यह हमारा राष्ट्रीय गान भी है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का करें बहिष्कार

कार्यक्रम के जरिए बताया गया कि तालाबों को गंदा नहीं करना है, नल को कभी खुला नहीं छोड़ना है। अगर नल कहीं खुला है, उससे पानी बह रहा है तो नगर निगम के 1100 नंबर पर फोन कर उसे ठीक कराना है। बालक-बालिकाओं को संबोधित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे से अवगत कराते हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करना है, पॉलिथीन कैंसर का सबसे बड़ा कारण है, प्लास्टिक के चम्मच कटोरी गिलास उपयोग नहीं करना है। इससे नालियां भी जाम हो जाती हैं। गोमाता खाकर मर जाती हैं। भूमि की उर्वरक शक्ति नष्ट हो जाती है। सैकड़ों वर्ष तक प्लास्टिक नष्ट नहीं होता। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अमितेश दीवान एडमिनिस्ट्रेटर दक्षिणामूर्ति विद्यापीठ चंगोराभाठा ने किया।

# कंपनी का भरोसा बनाए रखने सीए ने जाना ऑडिट रिपोर्ट रिव्यू प्रोसेस

### सीनियर सीए ने सेमिनार में दी जानकारी

**रायपुर।** बेबीलॉन इंटरनेशनल में सीए का कोर्स करने और उसके बाद सात साल तक प्रैक्ट्रिस करने वाले युवाओं के लिए सीए पीयर रिब्यू कैसे करें। इसे करते समय किस तरह की बातों का ध्यान रखना चाहिए, कुछ इसी तरह की जानकारी देने के लिए दिल्ली के सीए नकुल अरोरा व जयपुर से एक्सपर्ट के रुप में सीनियर सीए सुशील जालान मौजूद थे। उन्होंने वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित सेमिनार में नए सीए को बेसिक जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी का भरोसा बनाए रखने के लिए यहां दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बाद आप लोग अब एक दूसरे के ऑडिट रिपोर्ट का रिब्यू कर सकते हैं। इसमें शामिल होने वाले प्रदेश के 50 युवा सीए को मौका मिला।





### मेंबरशिप के अप्लाई भी

इंस्टट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ रायपुर के पूर्व अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी ने चर्चा में बताया कि सीए बनने के लिए योग्यता प्रवेश परीक्षा को फाउंडेशन एग्जाम बोलते हैं। इसके लिए सबसे पहले एंट्री लेवल कोर्स सीपीटी में एडमिशन लेना होता है। सीपीटी के बाद आईपीसीसी और आखिर में एफसी कोर्स करना होता है। इसके बाद आईसीएआई में मेंबरशिप के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

### जरूरी दस्तावेज को जांचें

सेमिनार में उनको बताया गया कि इस कांफ्रेंस में शामिल होने के बाद उन्हें सीए इंस्ट्यूट ऑफ दिल्ली से सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जो तीन साल के लिए मान्य होगा। इस बीच वे पीयर रिब्यू की जिम्मेदारी निभाते हुए, एक सीए द्वारा दूसरे सीए की ऑडिट रिपोर्ट को रिब्यू करने के लिए अधिकृत होंगे। इसमें कंपनी की फाइल में किस-किस तरह के दस्तावेजों का समावेश करना जरूरी है। इसकी पुख्ता जानकारी दी गई।



# जंगल सफरी में युवाओं ने जाना जीव-जंतुओं का जीवनकाल, सुनाई तितली की कहानियां

**रायपुर।** जंगल सफारी में शनिवार को बायोडायवर्सिटी एक्स्प्लोरेशन एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से 'द वाइल्ड प्राइमर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रकृति की विविधता को समझने का अनूठा अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में पक्षियों, तितलियों और अन्य जीव-जंतुओं के अवलोकन-भ्रमण के साथ जैव-पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने बटरफ्लाई प्रजातियों जैसे बर्नेट, एगफ्लाई, एमिग्रंट और कॉमन क्रो तितलियों को नजदीक से देखा और उनके जीवनकाल के बारे में समझा। वन्यजीव शोधकर्ता अनुपम सिंह सिसोदिया ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने प्रत्येक तितली की कहानियों को जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया, जैसे कि डैनिड एग्गफ्लाई तितली मादा शिकारियों से बचने के लिए प्लेन टाइगर का अनुकरण करती है। उन्होंने तितलियों की पूंछ में मौजूद नकली आंखों, उनके आवास, जीवनकाल, और अस्तित्व के चुनौतियों के बारे में भी जानकारी दी।

### आपके कारण जीवों को नुकसान न पहुंचे

नंदनवन जंगल सफारी के निदेशक ने भारत सरकार के 'लाइफ फॉर एनवायरनमेंट' कार्यक्रम की भी चर्चा की और बताया कि हमें अपने जीवन को इस प्रकार जीना चाहिए कि इससे अन्य जीवों को नुकसान न पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने युवान कार्यक्रम की भी सराहना की और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजक अनुपम सिंह सिसोदिया और गीतांजोली दासगुप्ता ने इस कार्यक्रम की विशेष रूपरेखा तैयार की थी, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## सिटी इवेंट

# फैशन एफिनिटी का फिनाले, मिस छत्तीसगढ़ बनीं आकृति, रैंपवॉक में बिखेरा ग्लैमर



रायपुर। फैशन और ग्लैमर के अद्भुत संगम के साथ फैशन एफिनिटी द्वारा आयोजित टीन, मिस्टर, मिस, मिसेज इंडिया छत्तीसगढ़ का शनिवार को ग्रैंड फिनाले हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और शैलेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक में अर्पिता सिंह ने फैशन और ग्रेस के दृष्टिकोण ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को एक नई दिशा दी। मिस सौम्या उपाध्याय ने प्रतियोगियों में नई ऊर्जा का संचार किया। फिनाले में 50 बेहतरीन प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न राउंड्स में अपने टैलेंट का जलवा बिखेरा। इनमें क्रिएटिव राउंड की अद्वितीयता, ट्रेडिशनल राउंड की शान, वेस्टर्न राउंड की ग्लैमर, टैलेंट राउंड की विविधता और प्रश्नोत्तरी राउंड की बुद्धिमत्ता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर राउंड में प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के अनुसार अंक दिए गए, जिनके आधार पर इस शाम के विजेताओं का चयन हुआ।

### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में मिस छत्तीसगढ़ टीन की विनर लावी गुप्ता रहीं। इसके अलावा मिस छत्तीसगढ़ का खिताब आकृति साहू व फर्स्ट रनरअप जोलगीना टोप्पो, सेकंड रनरअप प्रिया रहीं। मिस्टर छत्तीसगढ़ में प्रियांश बेहरा व मेकअप आर्टिस्ट के विजेता एम. खान रहे। कार्यक्रम में आयोजक विष्णु कुजूर और ईशा मिश्रा व निदेशक मंडल के हर्षा राजपाल, डॉली शर्मा, ईशांत केसरवानी, रोहित त्रिपाठी और आलोक गुप्ता उपस्थित रहे।

मुक्ताकाशी मंच में तीन दिवसीय रंग तरंग वाद्ययंत्र संगम का हुआ समापन

# दिव्यांग कलाकारों की लोकधुनों ने बांधा समां, 'राग यमन' की बंदिश में शहनाई और बांसुरी की ध्वनि से सजी महफिल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित रंग तरंग वाद्ययंत्र संगम का समापन शनिवार को हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वायलिन, शहनाई, बांसुरी, सितार व हारमोनिका वाद्ययंत्रों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संगीत प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत वायलिन से हुई, कलाकार रोहन नायडू द्वारा इसकी प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात शहनाई भोला यादव, बांसुरी वादन शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय के छात्रों ने किया। सितार की प्रस्तुति मनोज जायसवाल व अंत में हारमोनिका वादन तारकेश्वर वर्मा छत्तीसगढ़ हारमोनिका क्लब द्वारा किया गया।




### वायलिन से कार्यक्रम की शुरुआत



कार्यक्रम की शुरुआत वायलिन कलाकार डॉ. रोहन नायडू व तबला वादन अशोक कूर्म की प्रस्तुति से की गई। 20-25 मिनट की प्रस्तुति में 'राग यमन' में प्रस्तुति दी गई, जिसके पश्चात विलंबित एक ताल में बड़ा ख्याल के करम करो, मध्य लय त्रिताल में छोटा ख्याल व द्रुत त्रिताल में झाला में प्रस्तुति दी गई।

### नाचा की धुन पर नजरिया की प्रस्तुति

भोलाराम यादव ने शहनाई की प्रस्तुति दी, इसमें तबला में उम्रसेन देवदास, बांसुरी में गजेन्द्र पटेल, हामोनियम में राजेश साहू, बेंजो में परमेश्वर साहू व ढोलक में विनय ठाकुर भी शामिल रहे। शहनाई में लोकसंगीत की प्रस्तुति दी गई, इसकी शुरुआत बैठकी धुन से की गई, जिसके पश्चात नाचा की धुन पर नजरिया का मंचन किया गया।

### शानदार प्रस्तुति की तैयारी तीन दिनों में

*शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय से प्रशिक्षक लाला राम लोनिया ने हरिभूमि से चर्चा में बताया, विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए केवल तीन दिनों में तैयारी की गई। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पहली बार संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में प्रस्तुति दी गई। इसमें दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा बांसुरी, ढोलक, मांदर, नगाड़ा, हारमोनियम व तबला वाद्ययंत्र की प्रस्तुति दी गई, जिसमें आकर्षण का केंद्र बांसुरी रही, जिसे छात्र सोनू सागर द्वारा प्रस्तुत किया गया। बांसुरी पर लोकधुन की प्रस्तुति दी गई, इसमें ददरिया, करमा, पंथी, नाचा, सोंहर, सुवा जैसी छत्तीसगढ़ी लोकधुनों की प्रस्तुति मंच पर दी गई। 30 मिनट के कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर मेंस क्रिकेट में शुभम और अजय की शानदार पारी



अजय शुभम

**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा सीनियर मेंस इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 28 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा दो दिवसीय मैच (31 अगस्त से 01 सितंबर) पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुदुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 64.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाए। पुदुच्चेरी टीम की ओर से आकाश ने 80 रन तथा रितेश ने 64 रनों का योगदान दिंया। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने 4 विकेट तथा अजय मंडल ने 3 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 9 ओवरों में बिना किसी विकेट के नुकसान पर 27 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से भुपेन लालवानी 17 रन तथा ऋशभ तिवारी 10 रन बनाकर पीच पर मौजूद है। पहले दिन की समाप्ति तक पुदुच्चेरी ने 238 रनों की बढत प्राप्त कर ली है।

### गुजराती स्कूल की 22 खेल प्रतिभाओं को दिए ट्रेक सूट



**रायपुर।** श्री गुजराती उ मा शाला, देवेन्द्र नगर, रायपुर में एक समारोह का आयोजन कर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, खेलो इण्डिया, ओपन वर्ग की क्षेत्रीय, राज्य एवँ राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर नाम रौशन करने वाली 22 खेल प्रतिभाओं को ट्रेक सूट वितरण कर सम्मानित किया।

इन सभी खेल प्रतिभाओं को प्रबन्ध समिति श्री गुजराती शिक्षण संघ रायपुर के उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल, कोषाध्यक्ष जयन्त भाई टांक एवँ कार्यकारी सचिव जयेश भाई पिथालिया ने अपने करकमलों से यह ट्रैक सूट प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि सत्र 2023-24 में शाला के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने क्रिकेट, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, कबड्डी एवँ मार्शल आर्ट्स,कराते, म्यू थाई, कलारिपयत्तु, थाई बॉक्सिंग, वुशु, जूजूत्सु आदि खेल में विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं। शाला प्राचार्य अनीस मेमन ने कहा कि प्रबन्ध समिति गुजराती शिक्षण संघ द्वारा अपनी शाला के सभी खेल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाना निश्चित तौर पर सराहनीय है एवँ अनुकरणीय हैं इससे खिलाड़ियों और पालको में खेल के प्रति अनुकूल मानसिकता उत्पन्न होती है।

### राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन



**रायपुर।** 24 वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एक से 04 सितंबर तक जांजगीर चांपा जिले में अयोजित होने जा रही है। जिसमें नेशनल इंग्लिश मीडियम हाई.से. स्कूल दयालबंद बिलसपुर से 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें सॉफ्टबॉल 17 वर्ष में अजित साहनी, तुषार सिंह चौहान, राजनंदिनी कुमारी और शालू नेताम बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सुपर स्पीड खो-खो में छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक




**रायपुर।** सुपर स्पीड खो खो फेडरेशन आंफ इडिया द्वारा आयोजित अंडर-19 खो खो नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन गवर्नमेंट स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में किया गया। जिसमें देशभर के 16 राज्यो की टीमों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार भागीदारी के साथ प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। टीम की कैप्टन पुष्पा मंझवार, उप कप्तान वर्षा ध्रुव रही। टीम के कोच श्रीमति मानिकपुरी थी। इस टीम का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सुपर स्पीड खो खो एसोशियेशन के महासचिव-दीपक घाड़गे ने किया।

30 की उम्र से पहले सफेद हो रहे बालों ने बढ़ाई चिंता

# नौजवानों के सफेद हो रहे हैं बाल खानपान की आदतों में कीजिए सुधार

युवाओं में कम उम्र में बालों की समस्या काफी तेजी से बढ़ती हुई देखी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग 30 की उम्र से पहले ही बालों के झड़ने या सफेद होने की दिक्कत से परेशान हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बालों की इस तरह की बढ़ती समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें लाइफस्टाइल-आहार की गड़बड़ी से लेकर कई पर्यावरणीय स्थितियां भी जिम्मेदार हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहतें हैं सभी लोगों को दैनिक रूप से बालों को स्वस्थ रखने वाले प्रयास करते रहने चाहिए। युवाओं में बढ़ती इन समस्याओं के कारणों को समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि हमारे दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतों का बालों की सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। धूम्रपान ऐसी ही एक आदत है जिसके कारण बालों के सफेद होने की समस्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है।आइए इसके अन्य जोखिमों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



## क्यों सफेद होते हैं बाल?

बाल सफेद करने वाले कारकों के बारे में जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर प्राकृतिक रूप से ये सफेदी क्यों आती है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे बालों के रोमों में रंगद्रव्य कोशिकाएं होती हैं जो मेलेनिन बनाती हैं, यह रसायन ही हमारे बालों को रंग देता है। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, ये कोशिकाएं मरने लगती हैं। रंगद्रव्य की कमी के कारण नए बाल हल्के रंग या फिर सफेद होने लगते हैं। हमारे जीवनशैली की कई आदतें इन रंगद्रव्यों को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं।

## धूम्रपान के कारण होने वाली समस्या

शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अधिक धूम्रपान करते हैं उनके बाल, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में अधिक तेजी से सफेद होते हैं। शोध में पाया गया कि धूम्रपान मेलेनिन उत्पादन को बंद कर सकता है और इसलिए समय से पहले बाल सफ़ेद होने लगते हैं। इसके अलावा सिगरेट के धुएं में मौजूद विषाक्त पदार्थ शरीर में हार्मोनल संतुलन को भी बिगाड़ सकते हैं, यह बालों के रोमों को नुकसान पहुंचाता है, जिसके कारण भी बालों में सफेदी की समस्या हो सकती है।



## ज्यादा तनाव लेना भी हानिकारक

अधिक तनाव लेने की स्थिति को बालों की समस्याओं से जोड़कर देखा जाता है। यदि आप अधिक तनाव लेते हैं तो इससे न सिर्फ समय से पहले बालों के टूटने की समस्या हो सकती है साथ ही यह कम उम्र में बालों के सफेद होने की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। अध्ययन से पता चलता है कि तनाव की समस्या वास्तव में आपके बालों को सफेद कर सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि यह भी बालों के रंग वर्णकों को क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।

# पकौड़े खाकर हो गए हैं बोर, तो कोरियन स्टाइल में बनाएं आलू के क्रिस्पी पैनकेक

चाय के साथ आलू और प्याज के पकौड़े खाकर आप भी बोर हो गए होंगे। आपको कोरियन स्टाइल रेसिपी बनाना चाहिए, जो आपके साथ-साथ आपके बच्चों को भी पसंद आएगी। कोरियन 'गमजा जेओन' की रेसिपी बहुत आसान है। ये एक स्नैक है और कोरिया में खूब पसंद किया जाता है।

**बनाने का तरीका-** सबसे पहले इसके लिए डिपिंग सॉस बनाकर तैयार करें। उसके लिए आप सोया सॉस, नींबू के रस, बारीक कटा हरा प्याज, बारीक कटा प्याद, हैलोपीनो पेपर और चीनी को एक बाउल में डालकर अच्छी तरह से मिला लें। जब चीनी घुल जाए, तो इस तैयार डिपिंग सॉस को अलग रख दें। अब 2 मीडियम साइज आलू को ग्रेटर की मदद से ग्रेट कर लें। इसे एक कटोरे में अलग निकालें और फिर ग्रेटर से 1 प्याज को कद्दूकस करके आलू में मिलाएं। इस मिश्रण में पोटैटो स्टार्च और नमक डालकर मिलाएं।अब एक पैन को गर्म करें और उसमें तेल डालें। आलू के तैयार बैटर को छोटे-छोटे पैनकेक के आकार में डालकर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक पका लें।

# कुंवारी लड़कियां रख सकती हैं हरतालिका तीज का व्रत?

भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस वर्ष 6 सितंबर 2024 को हरतालिका तीज मनाई जा रही है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। वहीं एक सवाल यह उठता है कि क्या कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत कर सकती हैं और इस व्रत को करने के नियम क्या हैं? ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी इसके बारे में बता रहे हैं। वैसे तो हरतालिका तीज व्रत रखने के लिए नियम विवाहित और अविवाहित लड़कियों दोनों के लिए ही समान हैं, लेकिन इन नियमों की जानकारी होना इसलिए जरूरी है जिससे इसका पालन सही ढंग से किया जा सके। अविवाहित लड़कियों को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ व्रत रखने के संकल्प के साथ व्रत शुरू करना चाहिए।



# कामकाजी महिलाएं योगासन से रखें खुद को चुस्त-दुरुस्त

30 की उम्र में हम काम में बिजी रहते हैं और अपने लक्ष्यों के पीछे भागते हैं। यह वह समय भी है, जब हमें अपने प्रियजनों, जीवनसाथी, परिवार आदि की जिम्मेदारी निभानी होती हैं। ऐसे में इन योगासन से खुद को फिट रखा जा सकता है। घर की जिम्मेदारियां हो या ऑफिस का काम, महिलाएं अपनी हर जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाती हैं। लेकिन, इन सभी कामों के बीच वे अपनी सेहत को अक्सर नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में हेल्थ से जुड़ी कई परेशानियां जैसे डायबिटीज, हार्ट से जुड़ी समस्याएं, मोटापा, पीठ में दर्द आदि का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में महिलाएं खुद को फिट और एक्टिव रखने और समस्याओं से बचाव के लिए रोजाना कुछ योगासन कर सकती हैं।



आज ऐसे योगासन के बारे में जो 30 की उम्र की महिलाओं को रोजाना करने चाहिए। इन योगासन के बारे में हमें फिटनेस ट्रेनर जूही कपूर बता रही हैं। एक्सपर्ट का कहना है, "योग करने से न सिर्फ शरीर हेल्दी रहता है, बल्कि मन भी चुस्त रहता है। इसके अलावा, इससे चेहरे पर निखार भी आता है।"

**एकपादासन:** सीधे खड़े हो जाएं। दाएं पैर को ऊपर उठाएं। इस पैर को बाईं जांघ पर रखें। शरीर के वजन को बाएं पैर पर बैलेंस करें। ह्दय चक्र पर प्रणाम मुद्रा में हथेलियों को मिलाएं। दूसरे पैर से योगासन को दोहराएं।

**उत्कटासन :** सीधे खड़े हो जाएं। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर ले जाएं। शरीर को धीरे-धीरे बैठने की मुद्रा में लेकर आएं, जैसे आप चेयर पर बैठते हैं। इस मुद्रा में कुछ सेकेंड्स के लिए रुकें। फिर पहली पोजिशन में आ जाएं।

**बद्ध कोणासन :** पैरों को सीधा करके जमीन पर बैठ जाएं। फिर धीरे-धीरे घुटनों को मोड़ें और दोनों पैरों के तलवों को साथ में लाएं। हाथों से पैरों को कसकर पकड़ें। दोनों पैरों के घुटनों को ऊपर और नीचे की तरफ लेकर जाएं। ऐसा कई बार दोहराएं। ध्यान रखें कि घुटने जमीन पर नहीं छूने चाहिए। इस आसन को कई बार दोहराएं।


































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बेन के साथ खरीदे 500 करोड़ के घर में मन नहीं लग रहा जेनिफर का



जेनिफर लोपेज ने 20 अगस्त, 2024 को एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में बेन एफ्लेक से तलाक की अर्जी दाखिल की थी। बेन से अलगाव के कारण जेनिफर लोपेज को बहुत गहरा झटका लगा है। वो अभिनेता से काफी निराश और परेशान बताई जा रही हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक ने साल 2022 में शादी की थी और दो साल बाद ही दोनों अलग हो गए हैं। दोनों ने 2003 में आई मार्टिन ब्रेस्ट की फिल्म 'गिगली' और 2004 में केविन स्मिथ की 'जर्सी' में साथ काम किया था। शादी के बाद दोनों ने मिलकर बेवर्ली हिल्स में 60 मिलियन डॉलर की कीमत वाला एक घर भी खरीदा था। पीपल से बात करते हुए एक सूत्र ने बताया है कि अब जेनिफर इस घर में असहज महसूस कर रही हैं। तलाक के फैसले पर बात करते हुए सूत्र ने बताया कि जेनिफर बात को तलाक तक ले जाना नहीं चाहती थीं। वो हार मानने वालों में से नहीं है। वो तलाक के बजाय एक-दूसरे के मसलों को सुलझाना चाहती थीं। बताते चलें कि तलाक के कागजों पर जेनिफर और बेन के अलग होने की तारीख 26 अप्रैल लिखी गई है। एक कानूनी विशेषज्ञ ने पीपल से बात करते हुए कहा कि जेनिफर लोपेज अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहती थीं। न चाहते हुए भी उनका इस फैसले को लेना इस बात की ओर इशारा करता है कि वो इस काम को खत्म कर देना चाह रही थीं। तलाक की अर्जी के बाद से जेनिफर लोपेज को तो कहीं नहीं देखा गया, लेकिन बेन एफ्लेक को लेकर हाल ही में, खबर आई थी कि उन्हें किक कैनेडी के साथ देखा गया है, जो अमेरिकी राजनेता रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की बेटी हैं। किक भी बेन की ही तरह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने टीचर ऑफ द ईयर, द न्यूजरूम, समिट ऑन द समिट और फियर एंड लोथिंग ऑफ द एस्पेन समेत कई फिल्मों में काम किया है।

### टॉलीवुड

# 'विदुथलाई पार्ट 2' में साल के अंत में पेरुमल बनकर लौटेंगे सेतुपति



हिट फिल्म 'विदुथलाई पार्ट 1' के सीक्वल 'विदुथलाई पार्ट 2' की रिलीज की तारीख का एलान हो गया है। दर्शकों को इस घोषणा का लंबे वक्त से इंतजार था और तारीख सामने आ गई है। फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 'विदुथलाई पार्ट 2' का निर्देशन वेत्रीमारन ने किया है। इसमें विजय सेतुपति के साथ-साथ भवानी श्री, किशोर, इलावरसु, सोरी, राजीव मेनन और गौतम वासुदेव मेनन समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। खास बात यह है कि इसमें अनुराग कश्यप भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण वेत्रीमारन की ग्रास रूट फिल्म कंपनी और एल्रेड कुमार की कंपनी आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा किया गया है। इसमें इलैयाराजा का संगीत सुनने को मिलेगा। आर वेलराज ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की है। मालूम हो कि विदुथलाई का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। विजय सेतुपति के प्रशंसक 'विदुथलाई पार्ट 2' के जरिए एक बार फिर से उन्हें पेरुमल वाथियार के किरदार में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। अभिनेता सोरी के लिए भी यह फिल्म काफी खास है, क्योंकि इसी के पहले भाग से वो अभिनेता के तौर पर उभरे थे। इससे पहले उनकी पहचान एक कॉमेडियन के तौर पर ही थी। 'विदुथलाई पार्ट 2' को तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। क्रिसमस के पास रिलीज होने के चलते उम्मीद की जा रही है कि ये बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। बता दें कि इस फिल्म की कहानी लघु कथा 'थुनैवन' पर आधारित है, जिसे जयमोहन ने लिखा है।

### भोजपुरी

# 'कब तक चुप रहेंगे' गाने के जरिए अक्षरा ने बयां की समाज की हकीकत



भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने महिलाओं के विरुद्ध यौन हिंसा पर आक्रोश जाहिर किया है। उन्होंने अपने नए गाने के जरिए देश में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान दिलाया है। यह गाना उन्होंने कोलकाता की डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए रिलीज किया है। इसे उन्होंने 'जस्टिस सॉन्ग' करार दिया है। गीतकार मनोज मतलबी ने इसके लिरिक्स लिखे हैं। यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है और रिलीज के साथ ही खूब वायरल हो गया है। समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। यह गाना एक ऐसे समय में रिलीज किया गया है जब समाज में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाजें उठाई जा रही हैं। अक्षरा सिंह को इस गाने पर उनके फैंस शाबाशी दे रहे हैं। एक यूजर ने यूट्यूब पर कमेंट बॉक्स में लिखा, 'बिहार की यही शेरी है जो ऐसा गाना गाती है और किसी सिंगर ने कभी ऐसा गाना नहीं गाया। यह गाना बहुत अच्छा है। लड़कियों की ताकत हो आप अक्षरा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'बहुत बढ़िया भोजपुरिया शेरनी'। एक यूजर ने लिखा, 'मम्मी का ताना और अक्षरा सिंह का गाना सीधे दिल पर लगता है'।

## आम लोगों की मॉडलिंग

लाइफ स्टाइल



आम लोगों के फैशन की नुमाइश में अगर आम लोग ही शामिल हो तो क्या बात हो। कुछ इस तरह के आइडिया को अंजाम दिया गया लंदन फैशन वीक के समापन पर। यहां आम लोगों के पहनावे के मॉडल के तौर पर गैर-पेशेवर लोगों को रखा गया। रनवे पर चलने के लिए इंजीनियर, आर्किटेक्ट के साथ-साथ व्हाइट और ब्लू कॉलर कर्मचारियों को चुना गया था। यह आउट ऑफ बॉक्स आइडिया निश्चित रूप से भीड़ के बीच एक बड़ी हिट पहल साबित हुआ।

# सिंपल से लेहरिया सूट से भी आप पा सकती हैं पार्टी लुक




लेहरिया प्रिंट पारंपरिक भारतीय कला का एक बहुत ही खूबसूरत उदाहरण है और इसे राजस्थान और गुजरात में सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिली हुई है। हालांकि, जैसे ही त्योहारों का मौसम आता है लेहरिया प्रिंट की साड़ी, लहंगे और सलवार सूट सभी में नई-नई वेराइटी देखने को मिलने लग जाती है। वैसे तो हम आपको साड़ी और लहंगे की पहले ही बहुत सारी डिजाइंस और वेराइटी दिखा चुके हैं। आज म आपको लेहरिया सलवार सूट सेट दिखाएंगे, जिसे आप छोटे-बड़े किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। साथ ही हम आपको इस तरह के सूट से को इस तरह से स्टाइल करना बताएंगे कि आपका सिंपल से से सिंपल सूट सेट भी स्टाइल करने पर खूबसूरत नजर आएगा और आपको बहुत अच्छा पार्टी लुक मिल जाएगा।



### सिमिट्रिकल लेहरिया सूट डिजाइंस

सिमिट्रिकल कुर्ती डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड कर रहा है और इस तरह की कुर्तियों में लेहरिया प्रिंट बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। आपको बाजार में इस तरह के सूट सेट में एक नहीं कई डिजाइंस मिल जाएंगे। आप इस तरह के सूट को किसी भी पार्टी में कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो इस तरह के सूट सेट के साथ हैवी दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

### लेहरिया सूट सेट की विशेषताएं और डिज़ाइन


लेहरिया एक विशेष प्रकार की छपाई तकनीक है जिसमें सूती या रेशमी कपड़े पर विभिन्न रंगों में लहराते हुए डिजाइन बनाए जाते हैं। इस तकनीक में कपड़े को रंगते समय उसके किनारों को लहराते हुए रंगा जाता है, जिससे कपड़े पर लहरिया का पैटर्न उभरता है। इस पैटर्न को महिलाए बहुत ज्यादा पसंद करती हैं और यह बहुत ही एथनिक लुक भी देता है।

### लेहरिया सूट को पार्टी लुक में बदलने के तरीके

लेहरिया सूट सेट में अगर आप अनारकली के डिज़ाइन का चयन करती हैं, तो उन्हें रेशमी या ब्रोकेड फैब्रिक में बनवाने से यह सेट अधिक पार्टी के लायक हो सकता है। रेशमी कपड़ा उसकी चमक और सौंदर्य को बढ़ाएगा, जबकि ब्रोकेड के कपड़े का भारीपन उसे भव्य एंव लग्जीरियस बनाएगा।

# मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल करें सही तरीके से

मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम आए दिन अपनी मेकअप वैनिटी में नए से नए प्रोडक्ट्स को शामिल करते रहते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि मेकअप कई प्रकार के होते हैं, लेकिन इसी के साथ मेकअप को केवल चेहरे पर ही नहीं किया जाता है बल्कि इसे शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि बॉडी का कलर भी चेहरे के साथ मिलता हुआ नजर आए। वहीं मेकअप हाइलाइटर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसे चेहरे के अलावा आप शरीर के हाई पॉइंट्स पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं चेहरे के अलावा मेकअप हाइलाइटर को बॉडी के हाई पॉइंट्स पर इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ टिप्स।



### मेकअप हाइलाइटर को पैरों पर कैसे करें इस्तेमाल

अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहन रही हैं तो घुटने पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहे तो घुटनों से लेकर पैरों तक में मेकअप कंटूरिंग कर फिर आप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहे तो लिक्विड हाइलाइटर को मॉइस्चराइजर में मिक्स करके टांगों पर लगा सकती हैं।

### गर्दन पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कैसे करें?

चेहरे के हाई-पॉइंट्स के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल गर्दन पर भी कर सकती हैं ताकि चेहरे का टोन गर्दन से आसानी से मैच कर जाये और आपका लुक खूबसूरत नजर आए। वहीं अगर आपकी गर्दन का कलर चेहरे से ज्यादा अलग है तो आप पहले कलर कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं और चाहे तो कॉलर बॉन्स पर मेकअप कंटूरिंग कर सकती हैं।

### मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर पर कैसे लगायें?

अगर आप स्लीवलेस या बोल्ड डिजाइन के कपड़े पहन रही हैं तो मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरे के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर के ऊपर लगा सकती हैं। इसके लिए आप पाउडर बेस्ड वाले मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। शोल्डर पर मेकअप हाइलाइटर को लगाने के लिए आप फ्लफी शेप के ब्लेंडिंग ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# बेजान दिखने लगी है हाथ-पैर की त्वचा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

इन दिनों कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है। इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है।



### नींबू का रस और शहद

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

### दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें। अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

### हल्दी और बेसन

हल्दी और बेसन दोनों ही चीजें त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी लें और इसमें 1 कप बेसन मिला लें। अब इसमें पानी मिलाकर इसका पेस्ट बना लें।


# काजल लगाने से आंखों को हो सकता है नुकसान

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए मेकअप प्रोडक्ट्स को खरीदते भी हैं। बदलते ब्यूटी वर्ल्ड में आजकल आई मेकअप को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। वहीं रोजाना के लिए हो या किसी पार्टी में जाना हो, काजल लगाना हम सभी को काफी पसंद होता है।

ऐसे में क्या आप जानते हैं कि इसे आंखों पर लगाने के कई नुकसान भी हो सकते हैं। तो आइये जानते हैं आंखों में काजल लगाने के नुकसान क्या हो सकते हैं और बताएंगे काजल से जुड़ी कुछ जरूरी बातें जो करेंगी आपकी आंखों को प्रोटेक्ट-

### हो सकता है इन्फेक्शन

वैसे तो आजकल मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स के काजल आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं है कि इन्हें बनाते समय इस्तेमाल किए जाने वाली चीजें पूरी तरह से नेचुरल हो और आंखों के लिए सेफ हो। बल्कि इन काजल को बनाने के लिए कई तरह के केमिकल से भरी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो न केवल आपकी आंखों में बैक्टीरिया को पैदा कर सकता है। साथ ही, यह आपकी आंखों में कई तरह के इन्फेक्शन का इजाद भी जार सकता है।



### काजल को हटाना है जरूरी

अक्सर रात को घर आने के बाद हम मेकअप रिमूव करते हैं, लेकिन सही तरीके से आंखों में लगे काजल को साफ नहीं करते हैं। बता दें कि रातभर काजल लगे रहने से आपकी आंखों के अंदर जा सकता है और कई तरह के आई इन्फेक्शन जैसे कंजंक्टिवाइटिस से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। रात को सोने से पहले आप इअरबड्स की मदद से आंखों की वॉटरलाइन में लगे काजल को सही तरीके से साफ जरूर करें।

## कार्नर न्यूज

## बेस्ट दिखने के लिए जरूरी है कि पैंट भी शानदार हो

# खास मौकों के लिए कौन सा फैब्रिक आपकी पैंट के लिए है बेस्ट, जानिए इन तरीकों से

*पुरुषों के कपड़े ऐसे होते हैं, जिन पर बहुत ज्यादा प्रिंट या कलर के साथ प्रयोग नहीं किए जाते हैं लेकिन फिर भी इनमें उन्हें बेस्ट दिखना होता है। बात पैंट्स की हो तो आराम भी देखना होता है। अब ऐसे में अगर फैब्रिक अच्छा होगा तो हर पैंट स्टाइल में इसे फिट बैठाना आसान हो जाएगा। इसलिए पुरुषों के पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक है बेहतरीन? जानिए और अपने स्टाइल को एक नया आयाम दीजिए, जरूरी टिप्स ये रहे-*

*पुरुषों के कपड़े ऐसे होते हैं, जिन पर बहुत ज्यादा प्रिंट या कलर के साथ प्रयोग नहीं किए जाते हैं लेकिन फिर भी इनमें उन्हें बेस्ट दिखना होता है। बात पैंट्स की हो तो आराम भी देखना होता है। अब ऐसे में अगर फैब्रिक अच्छा होगा तो हर पैंट स्टाइल में इसे फिट बैठाना आसान हो जाएगा।*



### फॉर्मल पैंट के लिए

आप फॉर्मल पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक चुनते हैं। आप बस दिखने में सुंदर फैब्रिक खरीद लेते हैं। कीमत ज्यादा होती है तो आप और निश्चिंत हो जाते हैं। लेकिन अब फॉर्मल पैंट के लिए फैब्रिक लेते हुए कुछ बातें ध्यान रखें- कपड़ा ऐसा हो जिसमें रिंकल न पड़ें। हर मौसम के लिए सूटेबल हो।सर्दी के हिसाब से ही फैब्रिक लेना है तो पॉलियस्टर लीजिए। इसमें रिंकल भी नही होते हैं और ये वॉटर रेसिस्टेंस भी होता है। लेकिन गर्मी में इसको पहनने से गर्मी लगती है।

### कैजुअल पैंट के लिए

कैजुअल पैंट के लिए फैब्रिक लेना है तो ऐसी पैंट होनी चाहिए जिसे कितनी भी देर पहनो, आराम रहे और स्टाइल भी मेनटेन रहे। जींस लेनी है तो इसको आमतौर पर भारी फैब्रिक से बनाया जाता है हालांकि ये आरामदायक भी होता है। जॉगर्स बेहद आरामदायक होते हैं इन्हें लिनेन या कॉटन फैब्रिक पर बनाया जाना चाहिए।

### कार्गो पैंट के लिए

कार्गो पैंट में बहुत सारा सामान रखने का विकल्प होता है साथ में ये स्टाइलिश भी लगते हैं। इसलिए इसके फैब्रिक को मजबूत भी होना चाहिए। कार्गो पैंट के लिए सिंथेटिक फैब्रिक सबसे अच्छा होता है क्योंकि ये ड्यूरेबल होता है। ब्लेंडेड फैब्रिक भी इसके लिए अच्छे रहते हैं जैसे पॉलिएस्टर/ कॉटन या कॉटन/नायलॉन

### ट्राउजर्स की लिए

ट्राउजर्स ऐसे पैंट होते हैं जो फॉर्मल भी होते हैं और कैजुअल भी। इनको कई लोग ऑफिस में पहनना पसंद करते हैं तो कई हैंगआउट में। इनके लिए फैब्रिक लिनेन या कॉटन जैसा हो तो अच्छा रहता है। ये फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर चल जाता है।

-

